

भारत की जनगणना, 1981
CENSUS OF INDIA, 1981

श्रृंखला 14
SERIES 14

मेघालय
MEGHALAYA

भाग II — विशेष
Part II—Special

जनसांख्यिकी रूपरेखा
DEMOGRAPHIC PROFILE

(पूर्ण गणना पर आधारित)
(BASED ON FULL COUNT)

वी० एस० वर्मा
भारतीय प्रशासनिक सेवा
भारत के महारजिस्ट्रार

V. S. VERMA
OF INDIAN ADMINISTRATIVE SERVICE
REGISTRAR GENERAL, INDIA.

विषय सूची

भाग I

			पृष्ठ सं०
अध्याय 1	:	जनसंख्या वृद्धि और संरचना	2
अध्याय 2	:	आयु और वैवाहिक स्थिति के अनुसार जनसंख्या	10
अध्याय 3	:	प्रजननता	28
अध्याय 4	:	बाल मृत्यु दर	48
अध्याय 5	:	साक्षरता और शैक्षिक स्तर	52
अध्याय 6	:	कार्यरत जनसंख्या	64
अध्याय 7	:	प्रवास	110

भाग II

सारणी 3.1	:	प्रजननता सूचकांक, मेघालय—1981	186
सारणी 3.2	:	मेघालय के जिलों के लिए प्रजननता सूचकांक—1981	190
सारणी 3.3	:	कभी भी पैदा हुए बच्चों का स्त्री/पुरुष अनुपात—मेघालय—1981 . . .	194
सारणी 3.4	:	जीवित बच्चों का स्त्री/पुरुष अनुपात—मेघालय—1981	198
सारणी 3.5	:	आयु समूहों, धर्मों और जिलों के अनुसार तीन या उससे अधिक के बच्चों वाली कभी भी विवाहित स्त्रियों की प्रतिशतता	202
सारणी 4.1	:	मेघालय के विभिन्न जिलों में बाल-मृत्यु के अनुमान—1981 . . .	204
सारणी 4.2	:	मेघालय में धर्मों के अनुसार बाल-मृत्यु के अनुमान—1981 . . .	208
सारणी 4.3	:	शैक्षिक स्तर के अनुसार बाल-मृत्यु के अनुमान—मेघालय—1981 . .	212
सारणी 5.1	:	आयु, स्त्री/पुरुष और स्तर के अनुसार जिलावार साक्षरता दरें—मेघालय—1981 . .	214
सारणी 5.2	:	शैक्षिक स्तरों के अनुसार 1971 और 1981 जनगणनाओं के दौरान साक्षर जनसंख्या का आयु, स्त्री/पुरुष और स्तर के अनुसार प्रतिशत वितरण . .	220
सारणी 7.1	:	जन्म स्थान के अनुसार प्रवासी, मेघालय 1971—1981	228
सारणी 7.2	:	पूर्व निवास स्थान के अनुसार प्रवासी, मेघालय 1971—1981	232

CONTENTS

PART I

			Page No
Chapter 1	:	Population and its composition	3
Chapter 2	:	Population by age and marital status	11
Chapter 3	:	Fertility	29
Chapter 4	:	Child mortality	49
Chapter 5	:	Literacy and educational level	53
Chapter 6	:	Working population	65
Chapter 7	:	Migration	111

PART II

Table 3·1	:	Fertility indices—Meghalaya—1981	187
Table 3·2	:	Fertility indices for the districts of Meghalaya—1981	191
Table 3·3	:	Sex-Ratio of children ever born—Meghalaya—1981	195
Table 3·4	:	Sex Ratio of children surviving—Meghalaya—1981	199
Table 3·5	:	Percentage of ever married female with three or more children by age groups, religions and districts	203
Table 4·1	:	Child mortality estimates in various districts of Meghalaya—1981	206
Table 4·2	:	Child mortality estimates by religion—Meghalaya—1981	210
Table 4·3	:	Child mortality estimates by educational level—Meghalaya—1981	213
Table 5·1	:	District-wise literacy rates by age, sex and strata 1981 Census—Meghalaya	215
Table 5·2	:	Percentage distribution of literate population by age, sex and strata during 1971 and 1981 Censuses by levels of education	221
Table 7·1	:	Migrants by place of birth—Meghalaya 1971 and 1981	229
Table 7·2	:	Migrants by place of last residence—Meghalaya—1971 and 1981	233

प्रस्तावना

मेघालय में व्यक्तिगत पर्ची के आधार पर 1981 की जनगणना में एकत्रित आंकड़े पहले ही प्रकाशित किए जा चुके हैं। इस रिपोर्ट में प्रकाशित आंकड़ों का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। इस रिपोर्ट में मेघालय की जनसांख्यिकी रूपरेखा 1981 की जनगणना के आधार पर प्रस्तुत की गई है। जहां संभव हो पाया है वहां 1971 की जनसंख्या के साथ तुलना करने का प्रयास भी किया गया है।

1981 की जनगणना की एक महत्वपूर्ण बात यह थी कि इसमें कभी भी पैदा हुए बच्चों और जीवित बच्चों के बारे में प्रश्न शामिल किए गए थे, जिससे अप्रत्यक्ष आकलन तकनीक के माध्यम से प्रजननता और बाल-मृत्यु दर का अनुमान लगाने में सहायता मिलती है।

यह रिपोर्ट श्री क० सु० नटराजन, सहायक महारजिस्ट्रार के निर्देशन में जनअध्ययन प्रभाग द्वारा तैयार की गई है। इस सम्बन्ध में मैं जनअध्ययन प्रभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों का उनके कठिन परिश्रम के लिए आभारी हूँ। इस काम में श्री आर० के० पुरी, श्री ए० के० बिश्वास, श्री फूल सिंह, उप निदेशकों, श्री के० नारायणन उन्नी, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, श्री एस० एस० बावा, श्री सुभाष गर्ग, सहायक निदेशकों और श्री नारायण यशवंत गोरे, अनुसंधान अधिकारी द्वारा किए गए प्रयास विशेष रूप से प्रशंसनीय रहे हैं।

नई दिल्ली
सितम्बर, 1986

वी० एस० वर्मा
भारत के महारजिस्ट्रार

PREFACE

The data collected in the 1981 Census on the basis of individual slip in respect of Meghalaya has already been published. In the present report an attempt has been made to analyse the data presented. This report presents the demographic profile of Meghalaya as revealed by 1981 Census. Wherever possible a comparison with 1971 Census has also been attempted.

One important feature of the 1981 Census was the inclusion of the question on children ever born and children surviving which enables one to estimate the fertility and child mortality measures through indirect estimation techniques.

This report has been prepared by the Demography Division under the direction of Shri K.S. Natarajan, Assistant Registrar General. I am thankful to the staff and Officers of the Demography Division for their hard work. In particular, I am happy to place on record my appreciation of the efforts put in by Shri R.K. Puri, Shri A.K. Biswas, Shri Phool Singh, Deputy Directors, Shri K. Narayanan Unni, Senior Research Officer, Shri S.S. Bawa, Shri Subhash Garg, Assistant Directors and Shri Narayan Yeshwant Gore Research Officer.

NEW DELHI
September, 1986

V.S. VERMA
Registrar General, India

भाग I — रिपोर्ट

PART I — **REPORT**

अध्याय 1

जनसंख्या वृद्धि और संरचना

1981 की जनगणना के अनुसार मेघालय की जनसंख्या 13.36 लाख थी जिसमें 6.84 लाख पुरुष और 6.52 लाख स्त्रियां थी । विवरण 1.1 में 1901 से 1981 तक की प्रत्येक जनगणना में राज्य की जनसंख्या और साथ ही वृद्धि दरें प्रस्तुत की गई हैं । इसमें भारत के आंकड़े भी दिए गए हैं ।

विवरण 1.1 भारत और मेघालय की जनसंख्या, 1901-1981

जनगणना वर्ष	भारत		मेघालय	
	जनसंख्या	वृद्धि दर	जनसंख्या	वृद्धि दर
1	2	3	4	5
1901 .	238,396,327	..	340,524	..
1911 .	252,093 390	+5.75	394,005	15.71
1921 .	251,321,213	—0.31	422,403	7.21
1931 .	278,977,238	+11.00	480,837	13.83
1941 .	318,660,580	+14.22	555,820	15.59
1951 .	361,088,090	+13.31	605,674	8.97
1961 .	439,234,771	+21.51	769,380	27.03
1971* .	548,159,652	+24.80	1,011,699	31.50
1981 .	685,184,692**	+25.00	1,335,819	32.04

*अप्रैल, 1971 के अनुसार ।

**असम की प्रक्षेपित जनसंख्या सम्मिलित है ।

1941–51 के दशक को छोड़ कर मेघालय की जनसंख्या में भारत की अपेक्षा हमेशा ही तेजी से वृद्धि हुई है। 1931-41 और 1951–61 के दशकों की तुलना में 1941–51 के दशक में मेघालय और साथ ही भारत की जनसंख्या वृद्धि दर कम रहने का आंशिक कारण बंगाल का तत्कालीन अकाल हो सकता है क्योंकि मेघालय परम्परागत तौर पर बंगाल के साथ जुड़ा हुआ है।

1951 तक जनसंख्या वृद्धि कम रही थी लेकिन उसके बाद यह वृद्धि अधिक हो गई । 1951 के बाद वृद्धि दर 2.4 प्रतिशत से अधिक रही है । 1971-81 के दशक के दौरान वृद्धि दर पूर्ववर्ती दशक की अपेक्षा कुछ अधिक रही है ।

प्रति हजार पुरुषों की तुलना में स्त्रियों की संख्या को स्त्री/पुरुष अनुपात कहा जाता है । विवरण 1.2 में 1901 से 1981 तक के प्रत्येक जनगणना वर्ष में मेघालय की स्त्री/पुरुष-वार जनसंख्या और स्त्री/पुरुष अनुपात प्रस्तुत किया गया है और तुलना के लिए अखिल भारतीय स्त्री/पुरुष अनुपात भी दिया गया है ।

विवरण 1.2 मेघालय में स्त्री/पुरुष अनुपात, 1901-1981

जनगणना वर्ष	मेघालय			भारत
	पुरुष	स्त्रियाँ	स्त्री/पुरुष अनुपात	स्त्री/पुरुष अनुपात
1	2	3	4	5
1901 . . .	167,256	173,268	1,036	972
1911 . . .	195,706	198,299	1,013	964
1921 . . .	211,216	211,187	1,000	955
1931 . . .	243,993	236,844	971	950
1941 . . .	282,666	273,154	966	945
1951 . . .	310,706	294,968	949	946
1961 . . .	397,288	372,092	937	941
1971 . . .	520,967	490,732	942	930
1981 . . .	683,710	652,109	954	933*

*स्त्री/पुरुष अनुपात की गणना करते समय असम की प्रक्षेपित जनसंख्या हिसाब में ली गई है

CHAPTER 1

POPULATION GROWTH AND COMPOSITION

The population of Meghalaya according to 1981 Census was 13.36 lakhs consisting of 6.84 lakhs males and 6.52 lakhs females. Statement 1.1 presents the population of the state at each of the censuses 1901 to 1981 as also the growth rates. The figures for India are also presented.

Statement 1.1 Population of India and Meghalaya, 1901-1981

Census Year	India		Meghalaya	
	Population	Growth Rate	Population	Growth Rate
1	2	3	4	5
1901	238,396,327	..	340,524	..
1911	252,093,390	+5·75	394,005	15·71
1921	251,321,213	—0·31	422,403	7·21
1931	278,977,238	+11·00	480,837	13·83
1941	318,660,580	+14·22	555,820	15·59
1951	361,088,090	+13·31	605,674	8·97
1961	439,234,771	+21·51	769,380	27·03
1971*	548,159,652	+24·80	1,011,699	31·50
1981	685,184,692**	+25·00	1,335,819	32·04

*as on Ist April, 1971.

**Includes the projected population of Assam.

The population of Meghalaya has always grown faster than that of India except in the decade 1941-51. The lower growth rate of Meghalaya's population during the decade 1941-51 compared to the decade 1931-41 and decade 1951-61 as well as that of India's growth rate may be partly attributed to the then Bengal famine. It may be recalled that Meghalaya was connected to Bengal traditionally.

The population growth was low upto 1951 but thereafter it has been high. After 1951 the growth rate has been above 2.4 per cent per annum. During the decade 1971-81, the growth rate has been only slightly higher than the previous decade.

The sex ratio is defined as the number of females per thousand males. The sexwise population and the sex ratio in Meghalaya at each of the census years 1901 to 1981 is presented in Statement 1.2 and the all-India sex ratio is also presented for comparison.

Statement 1.2 Sex ratio in Meghalaya, 1901-1981

Census Year	Meghalaya			India
	Males	Females	Sex Ratio	Sex Ratio
1	2	3	4	5
1901	167,256	173,268	1.036	972
1911	195,706	198,299	1.013	964
1921	211,216	211,187	1.000	955
1931	243,993	236,844	971	950
1941	282,666	273,154	966	945
1951	310,706	294,968	949	946
1961	397,288	372,092	937	941
1971	520,967	490,732	942	930
1981	683,710	652,109	954	933*

*While working out the sex ratio, projected population of Assam has been taken into account.

मेघालय में सभी दशकों में स्त्री/पुरुष अनुपात अखिल भारत की तुलना में स्पष्टतः अधिक रहा है । 1961 तक स्त्री/पुरुष अनुपात में गिरावट आई जबकि 1971 और 1981 दोनों में इसमें वृद्धि हुई है ।

1981 में मेघालय में पांच जिले थे । प्रत्येक जिले की जनसंख्या, स्त्री/पुरुष अनुपात और जनसंख्या का घनत्व विवरण 1.3 में दिया गया है ।

विवरण: 1.3 जिले वार जनसंख्या 1981, स्त्री/पुरुष अनुपात, जनसंख्या घनत्व (1971 तथा 1981) और जनसंख्या वृद्धि दर (1961-71 और 1971-81)

राज्य/जिला	1981 में जनसंख्या (00')			स्त्री/पुरुष अनुपात@		जनसंख्या घनत्व*		दशकीय वृद्धि दर (प्रतिशत)	
	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	1971	1981	1971	1981	1961-71	1971-81
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
मेघालय	13,358	6,837	6,521	942	954	45	60	31.50	33.04
1. जैन्तिया हिल्स . . .	1,564	791	773	999	978	30	41	38.24	32.72
2. पूर्वी खासी हिल्स. . .	5,114	2,629	2,485	913	945	73	98	31.04	34.35
3. पश्चिमी खासी हिल्स . .	1,616	829	787	957	949	21	31	23.85	45.16
4. पूर्वी गारो हिल्स. . .	1,366	704	662	930	941	39	52	31.20	32.96
5. पश्चिमी गारो हिल्स . .	3,699	1,884	1,814	957	963	55	66	32.74	21.70

@प्रति 1000 पुरुषों की तुलना में स्त्रियाँ ।

*प्रति वर्ग कि० मी० पर व्यक्तियों की संख्या ।

राज्य की लगभग दो-तिहाई जनसंख्या पूर्वी खासी हिल्स और पश्चिमी गारो हिल्स जिलों में रहती है । राज्य की राजधानी शिलांग पूर्वी खासी हिल्स जिले में स्थित है। इस जिले में जनसंख्या का घनत्व सबसे अधिक है जबकि पश्चिमी गारो हिल्स का नम्बर इसके बाद आता है । पर्वतीय क्षेत्र होने के कारण सम्पूर्ण राज्य में जनसंख्या का घनत्व भारत की तुलना में काफी कम होना स्वाभाविक है ।

पूर्वी खासी हिल्स, पूर्वी गारो और पश्चिमी गारो हिल्स जिलों में स्त्री/पुरुष अनुपात में वृद्धि हुई है, जबकि अन्य दोनों जिलों में इसमें गिरावट आई है । यह विचारणीय विषय हो सकता है कि क्या पुरुषों के इन जिलों में प्रवास के कारण ऐसा हुआ है । यह उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती दशकों की तुलना में 1971-81 के दशक के दौरान पश्चिमी खासी हिल्स जिले में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है । पश्चिमी गारो हिल्स जिले में वृद्धि दर में तेजी से गिरावट आई है ।

मेघालय की नगरीय जनसंख्या

1981 में मेघालय की नगरीय जनसंख्या 2.41 लाख थी जो राज्य की कुल जनसंख्या का 18.07 प्रतिशत है । 1971–81 के दौरान राज्य की नगरीय जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई क्योंकि पिछले दशक के दौरान नगरीय जनसंख्या की वृद्धि दर 64 प्रतिशत थी । विवरण 1.4 में 1901 से 1981 तक राज्य की नगरीय जनसंख्या दर्शायी गई है ।

विवरण 1.4 मेघालय की नगरीय जनसंख्या, 1901–1981

वर्ष	नगरीय जनसंख्या	कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत	नगरीय जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर
1901 .	9,621	2.83	..
1911 .	13,639	3.46	41.76
1921 .	17,203	4.07	26.13
1931 .	26,536	5.52	54.25
1941 .	38,192	6.87	43.93
1951 .	58,512	9.66	53.20
1961 .	117,483	15.27	100.78
1971 .	147,170	14.55	25.27
1981 .	241,333	18.07	63.98

मेघालय में नगरीय जनसंख्या में कुल जनसंख्या की तुलना में काफी अधिक वृद्धि हुई है । 1901 से 1981 के दौरान राज्य की जनसंख्या में लगभग चार गुणा वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि के दौरान राज्य की नगरीय जनसंख्या 25 गुणा बढ़ गई है । पिछले दशक के दौरान राज्य की कुल जनसंख्या में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि नगरीय जनसंख्या 64 प्रतिशत बढ़ी । यह वृद्धि इस बात के बावजूद हुई कि असम और अरूणाचल प्रदेश ने राजधानी बदल लेने के

The sex ratio in Meghalaya has been distinctly above that of all India in all the decades. While the sex ratio declined steadily till 1961, both in 1971 and in 1981 it has shown an increasing trend.

In 1981 there were five districts in Meghalaya. The population, sex ratio and density of population in each of the districts are shown in Statement 1.3.

Statement 1.3 Districtwise population 1981, sex ratio, density of population (1971 and 1981) and growth rate of population (1961—71 and 1971—81)

State/District	Population (00') in 1981			Sex Ratio @		Density of population*		Decadal growth rate of population (per cent)	
	Persons	Males	Females	1971	1981	1971	1981	1961-71	1971-81
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
Meghalaya	13,358	6,837	6,521	942	954	45	60	31·50	33·04
1. Jaintia Hills	1,564	791	773	999	978	30	41	38·24	32·72
2. East Khasi Hills	5,114	2,629	2,485	913	945	73	98	31·04	34·35
3. West Khasi Hills	1,616	829	787	957	949	21	31	23·85	45·16
4. East Garo Hills	1,366	704	662	930	941	39	52	31·20	32·96
5. West Garo Hills	3,699	1,884	1,814	957	963	55	66	32·74	21·70

@Number of females per 1000 males.
*Number of persons per sq. km.

About two-third of the population is concentrated in the two districts of East Khasi Hills & West Garo Hills. The capital of the State, Shillong, is located in East Khasi Hills. The density of population is highest in this district, followed by West Garo Hills. Being hilly area, it is understandable that the density in the state as a whole is much lower than that of India.

The sex ratio has increased in the districts of East Khasi Hills, East Garo and West Garo Hills and has declined in other two districts. Whether it is due to migration of males into these districts may be worth looking into. It is worth noting that in West Khasi Hills the population has grown sharply during the decade 1971-81 compared to the previous decade. A sharp reduction in growth rate is noticed in West Garo Hills district.

Urban Population of Meghalaya

Meghalaya had an urban population of 2.41 lakhs in 1981 constituting 18.07 per cent of the total population of the state. During 1971-81 there was a very large increase in the urban population of the state, the growth rate of the urban population being 64 per cent during the last decade. Statement 1.4 gives the urban population of the state from 1901 to 1981.

Statement 1.4 Urban population of Meghalaya 1901-1981

Year	Urban Population	Percentage of urban populattion to total population	Decadal Growth rate of urban population
1901	9,621	2·83	..
1911	13,639	3·46	41·76
1921	17,203	4·07	26·13
1931	26,536	5·52	54·25
1941	38,192	6·87	43·93
1951	58,512	9·66	53·20
1961	117,483	15·27	100·78
1971	147,170	14·55	25·27
1981	241,333	18·07	63·98

The growth of the urban population in Meghalaya has been much more than that of the total population. While the total population of the state had increased by nearly four times between 1901 and 1981, the urban population of the state had gone up 25 times during the same period. During the last decade the total population of the state had increased by 32 per cent while the urban population had increased by 64 per cent. This is despite the fact that

कारण काफी व्यक्तियों ने शिलांग से बाहर स्थान परिवर्तन किया।

1981 में जिलेवार नगरीय जनसंख्या और कस्बों की संख्या विवरण 1.5 में दी गई है।

विवरण 1.5 जिलेवार नगरीय जनसंख्या 1981

राज्य/जिला	कस्बों की संख्या	नगरीय जनसंख्या	कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत
1	2	3	4
मेघालय	**12**	**241,333**	**18.07**
1 जैन्तिया हिल्स	1	12,923	8.26
2. पूर्वी खासी हिल्स	7	180,800	35.35
3. पश्चिमी खासी हिल्स	1	3,880	2.40
4. पूर्वी गारो हिल्स	1	4,290	3.14
5. पश्चिमी गारो हिल्स	2	39,440	10.66

राज्य की नगरीय जनसंख्या अधिकांशतः एक जिले, अर्थात् पूर्वी खासी हिल्स में रहती है। इसी जिले में राज्य की राजधानी शिलांग स्थित है। इस जिले के 7 कस्बों में से 6 कस्बों को मिला कर शिलांग नगरीय समूह बना है, जिसकी जनसंख्या 1.75 लाख है। इस प्रकार शिलांग नगरीय समूह में राज्य की कुल नगरीय जनसंख्या का 72 प्रतिशत भाग रहता है। राज्य में कुछ महत्व का कोई और कस्बा केवल पश्चिमी गारो हिल्स जिले में स्थित तुरा कस्बा है, जिसकी जनसंख्या 0.35 लाख है। राज्य के शेष कस्बों में से 3 कस्बे श्रेणी VI के, 1 कस्बा श्रेणी V का और 1 कस्बा श्रेणी IV का था। 1981 की जनगणना के छः नए कस्बे मदनरटिंग, प्यूथोर उमखराह, चिरापूंजी, नांगस्टाइन, विलियमनगर और बोघमारा थे।

शिलांग न केवल मेघालय राज्य बल्कि सम्पूर्ण उत्तर पूर्वी भारत का एक प्रमुख शहर है। यहीं पर 1971 तक अविभाजित असम की राजधानी थी। 1951 तक शिलांग नगरीय समूह श्रेणी II का कस्बा था जिसकी जनसंख्या केवल 58,512 व्यक्ति थी। 1951-61 के बीच इसकी जनसंख्या में 75% की भारी वृद्धि हुई। तथापि, 1961–71 के दौरान इसकी जनसंख्या में केवल 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले दशक के दौरान शिलांग की जनसंख्या में पुनः तेजी के साथ 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। असम और अरुणाचल प्रदेश की राजधानी बदल जाने के कारण यदि काफी संख्या में व्यक्ति वहां से चले न गए होते तो पिछले दशक के दौरान भी शिलांग की जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई होती।

1921 तक राज्य में शिलांग ही एकमात्र कस्बा था जिसकी जनसंख्या बहुत ही कम थी। 1931 में एक अन्य कस्बा शिलांग छावनी बना। 1951 तक राज्य में शिलांग नगर पालिका और शिलांग छावनी ही दो कस्बे थे। नगरीय समूह की संकल्पना को ध्यान में रखा जाए तो 1951 तक शिलांग नगरीय समूह ही वस्तुतः एकमात्र कस्बा था। 1961 में कस्बों की संख्या बढ़कर 6 हो गई और 1971–81 के दौरान 6 से बढ़कर 12 हो गई। नई सड़कों और उद्योगों के विकास के कारण ऐसा हुआ।

जनसंख्या की धार्मिक संरचना

1981 में मेघालय की कुल जनसंख्या में से 52.6 प्रतिशत ईसाई, 18 प्रतिशत हिन्दू और 3.1 प्रतिशत मुसलमान थे। जनसंख्या के एक चौथाई भाग से कुछ अधिक, अर्थात् ठीक 25.8 प्रतिशत ने अपना धर्म देश के छः मुख्य धर्मों, अर्थात् हिन्दू, इस्लाम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध और जैन से भिन्न बताया।

पश्चिमी खासी हिल्स, पूर्वी गारो हिल्स और जैन्तिया हिल्स जिलों में सर्वाधिक जनसंख्या ईसाइयों की है। पूर्वी खासी हिल्स जिले में 48.6 प्रतिशत ईसाई थे जबकि पश्चिमी गारो हिल्स जिले में 41.1 प्रतिशत इस धर्म के अनुयायी थे। हिन्दू पूर्वी खासी हिल्स और पश्चिमी गारो हिल्स जिलों में अधिक संकेन्द्रित थे, जबकि मुसलमान मुख्यतः पश्चिमी गारो हिल्स जिले में संकेन्द्रित थे।

5.11 लाख की जनसंख्या वाले पूर्वी खासी हिल्स जिले में 48.6 प्रतिशत ईसाई, 25.3 प्रतिशत हिन्दू, 1.3 प्रतिशत मुसलमान थे और 23.9 प्रतिशत व्यक्ति अन्य धर्मों और सम्प्रदायों के थे। राज्य के अन्य सबसे बड़े जिले अर्थात् 3.69 लाख की जनसंख्या वाले पश्चिमी गारो हिल्स में 41.1 प्रतिशत ईसाई, 23.1 प्रतिशत हिन्दू, 9.0 प्रतिशत मुसलमान थे और 26.6 प्रतिशत अन्य धर्मों के थे। पश्चिमी खासी हिल्स जिले में 74.5 प्रतिशत ईसाई, 3.4 प्रतिशत हिन्दू और 21.8 प्रतिशत अन्य धर्मों के थे। जैन्तिया हिल्स जिले में 55.9 प्रतिशत ईसाई और 6 प्रतिशत हिन्दू थे। इस जिले की जनसंख्या का काफी बड़ा भाग (37.9 प्रतिशत) छः निर्दिष्ट धर्मों से भिन्न धर्मों से सम्बन्ध रखता था। पूर्वी गारो हिल्स जिले में 69.1 प्रतिशत ईसाई, 8.3 प्रतिशत हिन्दू, 0.8 प्रतिशत मुसलमान और 21.5 प्रतिशत अन्य धर्मों के थे।

राज्य के 702,854 ईसाइयों में से 35.4 प्रतिशत पूर्वी खासी हिल्स में, 21.6 प्रतिशत पश्चिमी गारो हिल्स में, 17.1 प्रतिशत पश्चिमी खासी हिल्स में, 13.4 प्रतिशत पूर्वी गारो हिल्स में और 12.5 प्रतिशत जैन्तिया हिल्स जिले में रहते थे। हिन्दू जिनकी संख्या 240,831 थी मुख्यतः पूर्वी खासी हिल्स और पश्चिमी गारो हिल्स में रहते थे। मेघालय के हिन्दुओं में से 53.7 प्रतिशत हिन्दू पूर्वी खासी

due to the shifting of the capital of Assam and Arunachal Pradesh from Shillong, there had been a heavy out-migration from Shillong.

The districtwise urban population and the number of towns in 1981 is given in Statement 1.5.

Statement 1. 5 Districtwise urban population, 1981

State/District	Number of towns	Urban population	Urban population as a percentage of total population
1	2	3	4
Meghalaya · · ·	12	241,333	18·07
1. Jaintia Hills ·	1	12,923	8·26
2. East Khasi Hills ·	7	180,800	35·35
3. West Khasi Hills ·	1	3,880	2·40
4. East Garo Hills ·	1	4,290	3·14
5. West Garo Hills ·	2	39,440	10·66

The urban population of the state is largely confined to one district, namely, East Khasi Hills wherein Shillong, the capital of the state is located. Out of the 7 towns in this district, 6 towns together constitute the Shillong urban agglomeration having a population of 1.75 lakhs. Shillong urban agglomeration thus accounted for 72 per cent of the urban population of the state. The only other town of any consequence in the state was Tura in the West Garo Hills having a population of 0.35 lakhs. Of the remaining towns of the state, 3 were class VI towns, 1 class V town and 1 class IV town. The six new towns in 1981 census were Madanrting, Pyuthor Umkhrah, Charrapunje, Nongstoin, Williamnagar and Boghmara.

Shillong is the premier city of not only Meghalaya state but of the whole of the North-Eastern India. It was the capital of un-divided Assam till 1971. Till 1951, Shillong urban agglomeration was a class II town with population of 58,512 persons only. There was a tremendous increase in its population between 1951-61 by 75 per cent. During 1961-71, however, its population increased marginally only by about 20 per cent. During the last decade again population of Shillong increased at a rapid pace by 42 per cent. But for migration of a large number of people due to the shifting of the capital of Assam and Arunachal Pradesh, the population of Shillong would have shown a greater increase during the last decade.

Shillong was the only town in the state till 1921, with a very small population. Another town namely Shillong Cantonment came up in 1931. Till 1951, Shillong Municipality and Shillong Cantonment were the only 2 towns in the state. In fact, taking into account the concept of urban agglomeration, Shillong urban agglomeration was the only town in the state till 1951. The number of towns increased to 6 in 1961 and then jumped up from 6 to 12 during 1971-81. This is attributable to the development of new roads and industries.

Religious composition of the population

Of the total population of Meghalaya in 1981, 52.6 per cent were Christians, 18.0 per cent were Hindus and 3.1 per cent were Muslims. A little more than 1/4th of the population, 25.8 per cent to be exact, had reported their religion to be other than the six main religions of the country, i.e. other than Hinduism, Islam, Christianity, Sikhism, Buddhism and Jainism.

The districts of West Khasi Hills, East Garo Hills and Jaintia Hills have predominantly Christian population. While 48.6 per cent of the population in East Khasi Hills were Christians, 41.1 per cent followed this religion in West Garo Hills. The Hindus were concentrated more in East Khasi Hills and West Garo Hills while Muslims were concentrated mainly in the West Garo Hills district.

In the East Khasi Hills which had a population of 5.11 lakhs, 48.6 per cent of the population were Christians, 25.3 per cent were Hindus, 1.3 per cent were Muslims and 23.9 per cent belonged to other religions and persuations. In the next biggest district of the state, namely, West Garo Hills, with a population of 3.69 lakhs, 41.1 per cent of the population were Christians 23.1 per cent were Hindus, 9.0 per cent were Muslims while 26.6 per cent had other religions. In the West Khasi Hills, 74.5 per cent of the population were Christians, 3.4 per cent were Hindus while 21.8 per cent belonged to other religions. In the Jaintia Hills, 55.9 per cent of the population were Christians and 6.0 per cent were Hindus. A very large percentage of the population of this district (37.9 per cent) belonged to religions other than the six specified religions. In the East Garo Hills, 69.1 per cent were Christians, 8.3 per cent were Hindus, 0.8 per cent were Muslims and 21.5 per cent belonged to other religions.

Of the 702,854 Christians of the state, 35.4 per cent lived in the East Khasi Hills, 21.6 per cent were in the West Garo Hills, 17.1 per cent in the West Khasi Hills, 13.4 per cent in the East Garo Hills and 12.5 per cent in the Jaintia Hills. The Hindus whose number was 240,831 were concentrated in the East Khasi Hills and West Garo Hills. 53.7 per cent of the Hindus of Meghalaya lived in East

हिल्स में और 35.4 प्रतिशत पश्चिमी गारो हिल्स जिले में रहते थे । राज्य की कुल हिन्दू जनसंख्या के 4.7 प्रतिशत हिन्दू पूर्वी गारो हिल्स में, 3.9 प्रतिशत जैन्तिया हिल्स में और 2.3 प्रतिशत पश्चिमी खासी हिल्स जिले में रहते थे।

मेघालय में मुसलमान जनसंख्या बहुत कम अर्थात् 41,434 थी और वे मुख्यतः पश्चिमी गारो हिल्स जिले में रहते थे । मुसलमान जनसंख्या का 80.5 प्रतिशत इस जिले में रहता था । 16.2 प्रतिशत मुसलमान जनसंख्या पूर्वी खासी हिल्स जिले में और 2.6 प्रतिशत पूर्वी गारो हिल्स जिले में रहती थी । जैन्तिया हिल्स और पश्चिमी खासी हिल्स जिलों में मुसलमान जनसंख्या बहुत ही मामूली थी। मेघालय में सिक्खों की संख्या केवल 1,674 थी जो कुल आबादी का 0.12 प्रतिशत हैं। 94 प्रतिशत सिक्ख पूर्वी खासी हिल्स जिले में रहते थे । राज्य की जनसंख्या में बौद्ध केवल 0.2 प्रतिशत थे जिनमें से 70 प्रतिशत पूर्वी खासी हिल्स जिले में और 25.3 प्रतिशत पश्चिमी गारो हिल्स जिले में रहते थे।

मेघालय की एक चौथाई से कुछ अधिक जनसंख्या का सम्बन्ध अन्य धर्मों और सम्प्रदायों के साथ था । इसमें से 35.5 प्रतिशत जनसंख्या पूर्वी खासी हिल्स जिले में, 28.6 प्रतिशत पश्चिमी गारो हिल्स जिले में, 17.2 प्रतिशत जैन्तिया हिल्स जिले में, 10.2 प्रतिशत पश्चिमी खासी हिल्स जिले में और 8.5 प्रतिशत पूर्वी गारो हिल्स जिले में रहती थी।

राज्य में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या

राज्य की 13 लाख की कुल जनसंख्या में से 1.08 लाख व्यक्ति अनुसूचित जनजाति के थे जो कुल जनसंख्या का 80.58 प्रतिशत बैठते हैं ।

विवरण 1.6 में राज्य के जिलों के अनुसार ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों की अनुसूचित जनजातियों का अनुपात अलग-अलग रूप में दिया गया है । पूर्वी खासी हिल्स जिले में जनजातीय जनसंख्या का अनुपात सबसे कम है जबकि पश्चिमी खासी हिल्स जिले में सबसे अधिक । यह उल्लेखनीय है कि राज्य की राजधानी शिलांग पूर्वी खासी हिल्स जिले में हैं। इस जिले के नगरीय क्षेत्रों में जनजातीय जनसंख्या का अनुपात अन्य जिलों की तुलना में सबसे कम है । राज्य की राजधानी की सार्वभौमिक प्रकृति के कारण ऐसा हो सकता है । यह राजधानी इस क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है । कुल गैर जनजातीय जनसंख्या में से 34.4 प्रतिशत जनसंख्या इस जिले के नगरीय क्षेत्रों में पाई जाती है ।

विवरण 1.6 कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत

राज्य/जिला	योग	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4
मेघालय . .	**80.58**	**86.13**	**55.36**
1. जैन्तिया हिल्स . .	95.08	95.69	88.34
2. पूर्वी खासी हिल्स .	73.15	85.48	50.59
3. पश्चिमी खासी हिल्स .	97.16	97.47	84.85
4. पूर्वी गारो हिल्स . .	91.15	91.83	70.21
5. पश्चिमी गारो हिल्स .	73.56	74.95	61.91

Khasi Hills while 35.4 per cent lived in the West Garo Hills. The East Garo Hills accounted for 4.7 per cent of the Hindu population of the state while 3.9 per cent of the Hindus lived in the Jaintia Hills and 2.3 per cent lived in the West Khasi Hills.

Meghalaya has a very small Muslim population of 41,434 and they were mostly confined to the West Garo Hills district which accounted for 80.5 per cent of its Muslim population. 16.2 per cent of the Muslim population lived in the East Khasi Hills while 2.6 per cent lived in the East Garo Hills. The Muslim population was negligible in the Jaintia Hills and the West Khasi Hills. The Sikhs whose number was only 1,674 accounted for 0.12 per cent population of Meghalaya; 94 per cent of the Sikhs lived in the East Khasi Hills. The Buddhists also accounted for 0.2 per cent of the state's population, 70 per cent of whom lived in the East Khasi Hills and 25.3 per cent in the West Garo Hills.

Of the population belonging to other religions and persuations who constituted slightly more than one fourth of Meghalaya's population 35.5 per cent were in the East Khasi Hills, 28.6 per cent in the West Garo Hills, 17.2 per cent in the Jaintia Hills, 10.2 per cent in the West Khasi Hills and 8.5 per cent in the East Garo Hills.

Scheduled Tribes population in the State

Out of the total population 1.3 millions in the state about 1.08 millions belong to the Scheduled Tribe. They form 80.58 per cent of the total population.

Statement 1.6 gives the proportion of Scheduled Tribes by districts of the state separately for rural and urban areas. East Khasi Hills has the lowest proportion of tribal population while West Khasi Hills has the highest proportion. It may be noted that the capital of the state, Shillong, is in the district of East Khasi Hills. The proportion of tribal population in the urban areas of this district is lower compared to other districts. This may be due to the cosmopolitan nature of the state capital which is an important centre in this region. About 34.4 per cent of the total non-tribal population is found in the urban areas of this district.

Statement 1.6 Percentage of Scheduled Tribe population to total population

State/District	Total	Rural	Urban
1	2	3	4
Meghalaya	80·58	86·13	55·36
1. Jaintia Hills	95·08	95·69	88·34
2. East Khasi Hills	73·15	85·48	50·59
3. West Khasi Hills	97·16	97·47	84·85
4. East Garo Hills	91·15	91·83	70·21
5. West Garo Hills	73·56	74·95	61·91

अध्याय 2

आयु और वैवाहिक स्थिति के अनुसार जनसंख्या

आयु का निर्धारण पूर्ण किये गए वर्षों के अनुसार किया जाता है न कि चल रहे वर्ष के अनुसार । गणना की तारीख को जिन शिशुओं ने एक वर्ष भी पूरा न किया हो उनको आयु पूर्ण वर्षों में "शून्य" रिकार्ड की गई है ।

विवरण 2.1 में वर्ष 1971 और 1981 में मेघालय की जनसंख्या का आयु वितरण दर्शाया गया है ।

विवरण 2.1 1971 और 1981 के लिए स्त्री/पुरुष के अनुसार मेघालय की जनसंख्या का आयु वितरण (प्रतिशत)

आयु समूह	1971			1981		
	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियाँ	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियाँ
1	2	3	4	5	6	7
सभी आयु .	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00
0–4 .	15.90	15.62	16.20	14.71	14.41	15.04
5–9 .	15.35	14.86	15.88	14.34	14.11	14.59
10–14 .	12.30	11.97	12.66	13.37	13.30	13.46
15–19 .	9.06	8.87	9.27	10.53	10.40	10.66
20–24 .	8.13	7.64	8.65	8.47	7.80	9.17
25–29 .	8.44	7.88	9.02	8.36	7.75	8.99
30–34 .	6.39	6.48	6.28	6.29	6.51	6.07
35–39 .	6.08	6.73	5.38	6.09	6.51	5.65
40–44 .	4.86	5.23	4.46	4.55	4.89	4.18
45–49 .	3.75	4.14	3.33	3.87	4.18	3.55
50–54 .	3.25	3.65	2.83	3.13	3.40	2.84
55–59 .	1.83	1.95	1.71	1.78	1.96	1.60
60–64 .	1.99	2.19	1.79	1.89	2.07	1.70
65–69 .	0.92	0.98	0.85	0.95	1.00	0.90
70+ .	1.72	1.78	1.66	1.59	1.65	1.52

टिप्पणी: "सभी आयु समूह" के अन्तर्गत "आयु नहीं बताई गई" की जनसंख्या भी सम्मिलित है ।

यह साफ है कि 0-9 आयु समूह में जनसंख्या की प्रतिशतता 1971 में 31.25 प्रतिशत से कम होकर 1981 में 29.05 प्रतिशत रह गई है । 0-14 आयु समूह में जनसंख्या का अनुपात भी वर्ष 1971 में 43.55 प्रतिशत से कम होकर वर्ष 1981 में 42.42 प्रतिशत रह गया है ।

0-9 के आयु समूह में जनसंख्या के अनुपात में गिरावट पिछले दशक में प्रजननता में गिरावट का सूचक हो सकता है । 15-59 के कार्यरत आयु समूह में जनसंख्या का अनुपात 1971 में 51.79 प्रतिशत से बढ़कर 1981 में 53.07 प्रतिशत हो गया है । 1971–81 के दशक में 15–44 के प्रजनन आयु समूह में स्त्रियों के अनुपात में भी वृद्धि हुई है ।

राज्य में बच्चा-स्त्री अनुपात भी प्रजननता में गिरावट दर्शाता है । 0–4 वर्ष की आयु वाले बच्चों और 15–49 आय वाली स्त्रियों में अनुपात 1971 में 707 से कम होकर 1981 में 624 रह गया है जो लगभग 11.7 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है । 20–54 वर्ष की महिलाओं की

CHAPTER 2

POPULATION BY AGE AND MARITAL STATUS

Age is reckoned as the years completed and not the year running. In respect of infants who haven't completed one year by date of enumeration, their age in completed years has been recorded '0'.

Statement 2.1 shows the age distribution of the population of Meghalaya in 1971 and 1981.

Statement 2.1 Age distribution (Per cent) of the population of Meghalaya by Sex 1971 and 1981

Age Group	1971			1981		
	Persons	Males	Females	Persons	Males	Females
1	2	3	4	5	6	7
All ages	100·00	100·00	100·00	100·00	100·00	100·00
0—4	15·90	15·62	16·20	14·71	14·41	15·04
5—9	15·35	14·86	15·88	14·34	14·11	14·59
10—14	12·30	11·97	12·66	13·37	13·30	13·46
15—19	9·06	8·87	9·27	10·53	10·40	10·66
20—24	8·13	7·64	8·65	8·47	7·80	9·17
25—29	8·44	7·88	9·02	8·36	7·75	8·99
30—34	6·39	6·48	6·28	6·29	6·51	6·07
35—39	6·08	6·73	5·38	6·09	6·51	5·65
40—44	4·86	5·23	4·46	4·55	4·89	4·18
45—49	3·75	4·14	3·33	3·87	4·18	3·55
50—54	3·25	3·65	2·83	3·13	3·40	2·84
55—59	1·83	1·95	1·71	1·78	1·96	1·60
60—64	1·99	2·19	1·79	1·89	2·07	1·70
65—69	0·92	0·98	0·85	0·95	1·00	0·90
70+	1·72	1·78	1·66	1·59	1·65	1·52

Note: "All ages" includes the population under "Age not stated".

It is seen that the percentage of population in the age group 0-9 has decreased from 31.25 per cent in 1971 to 29.05 per cent in 1981. The proportion of population in the age group 0-14 has also fallen from 43.55 per cent in 1971 to 42.42 per cent in 1981.

The decline of the proportion of population in 0-9 may be indicating a fall in fertility in the last decade. The proportion of population in the working age group 15-59 has shown an increase from 51.79 per cent in 1971 to 53.07 per cent in 1981. The proportion of females in the reproductive age group 15-44 has also increased during the decade 1971-81.

The child women ratio also indicates that fertility has been falling in the State. The ratio of children aged 0-4 years to women aged 15-49 years has fallen from 707 in 1971 to 624 in 1981 showing a fall of about 11.7 per cent. The ratio of children aged 5-9 years to women aged 20-54 years has fallen from

3—11 RGI/ND 86

तुलना में 5–9 वर्ष की आयु वाले बच्चो के अनुपात भी 792 से गिरकर 726 रह गए हैं जो 8.3 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है । इससे यह स्पष्ट है कि 1971–81 के दशक में प्रजननता का स्तर विगत दशक की तुलना में कम रहा ।

जनसंख्या की औसतन आयु

जनसंख्या के आयु वितरण से यह अनुमान लगाया गया है कि पुरुषों की औसतन आयु 23.58 वर्ष और स्त्रियों की 23.39 वर्ष है । वर्ष 1971 के तुलनात्मक आंकड़े क्रमशः 23.71 वर्ष और 22.23 वर्ष हैं । समग्र भारत की औसतन आयु की तुलना में यहां की औसतन आयु कम है ।

वैवाहिक स्थिति के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को 4 श्रेणियों में अर्थात् कुवांरे/कुवांरी, इस समय विवाहित, विधवा/विधुर, संबंध-विच्छेद या तलाक शुदा वर्गीकृत किया गया है । ऐसे व्यक्ति को, जिसने पहले कभी भी शादी न की हो कभी भी विवाहित नहीं के रूप में दर्ज किया गया है । ऐसे व्यक्ति को, जिसकी गणना के समय पति/पत्नी जीवित थी, विवाहित माना गया है । रीति रिवाज से अथवा समाज द्वारा विवाहित के रूप में मान्यता प्राप्त व्यक्ति और वे व्यक्ति जो स्पष्ट रूप से वास्तव में इकट्ठे रह रहे हैं, भी इस समय विवाहित माने गए हैं । ऐसे व्यक्ति को जिनकी पत्नी/पति मर गई/गया है, विधुर/विधवा के रूप में वर्गीकृत किया गया है । ऐसे व्यक्ति, जिसे उसकी पत्नी/पति से अलग कर दिया गया है और जो साथ न रहने की स्पष्ट इच्छा से अलग रह रहा/रही है अथवा जिसे न्यायालय की डिग्री द्वारा तलाक दे दिया गया है अथवा मान्यता प्राप्त सामाजिक रीति रिवाज या धार्मिक प्रथा के कारण तलाक दे दिया गया है परन्तु जिसने पुनः विवाह नहीं किया है, को सम्बन्ध विच्छेद या तलाकशुदा माना गया है ।

भारत के अधिकांश भागों में विशेषकर-महिलाओं में शीघ्र तथा अनिवार्य रूप से विवाह करने की परम्परा रही है । तथापि, मेघालय में स्त्रियों का शीघ्र विवाह पर्याप्त रूप में प्रचलित नहीं है । इसलिए 10–14 के आयु समूह में स्त्रियों का विवाह बहुत कम होता है । केवल 15–19 के आयु समूह में 21.47% महिलाएं और 2.94% पुरुष इस समय विवाहित पाए गए । 20–24 के आयु समूह में 65.19% महिलाएं और 27.08% पुरुष इस समय विवाहित पाए गए । कुल मिलाकर इस आयु समूह में लगभग 30% महिलाएं 'कभी भी विवाहित नहीं' के रूप में रिकार्ड की गई । विवरण 2.2 में आयु समूह के अनुसार ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में कभी भी विवाहित नहीं, विवाहित, विधवा/विधर, तलाकशुदा और सम्बन्ध-विच्छेद व्यक्तियों की प्रतिशतता का विवरण दिया गया है ।

from 792 to 726 recording an 8.3 per cent decline. This clearly shows that the level of fertility in the decade 1971-81 was lower than that in the previous decade.

Average age of the population

From the age distribution of the population it has been estimated that the average age of the population is 23.58 years for males and 23.39 years for females. The corresponding figures for 1971 are 23.71 years and 22.23 years respectively. The average age is lower than that of India as a whole.

On the basis of his/her marital status every person was classified into 4 categories as never married, currently married, widowed, separated or divorced. A person was recorded as never married if he or she has never been married at any time before. A person was considered as currently married if his/her marriage subsists at the time of the enumeration with the spouse living. Persons who are recognised by custom or society as married and persons who are living in stable *defacto* union are also classified as currently married. A person whose spouse is dead is classified as widowed. A person who has been separated from his spouse and is living with no apparent intention of living together or who has been divorced either by decree of a law court or by an accepted social or religious custom but has not remarried is classified as separated or divorced.

In most parts of India early and universal marriage, specially of women, has been traditionally favoured. However, in Meghalaya early marriage of females does not seem to be very prevalent. Thus in the age group 10-14 there is very little marriage of females. In the age group 15-19 only 21.47% of the females and 2.94% of the males were reported as currently married. In the age group 20-24 only 65.19% of the females and 27.08% of the males were recorded as currently married. In all about 30% of the females in this age group were recorded as never married. Statement 2.2 shows the percentage distribution of never married, married, widowed, divorced or separated in the rural and urban areas and by age group.

विवरण 2.2 मेघालय में आयु समूह, स्त्री/पुरुष और ग्रामीण-नगरीय क्षेत्रों के अनुसार कभी भी विवाहित नहीं,

आयु समूह	स्त्री/पुरुष	योग				ग्रामीण			
		वैवाहिक स्थिति				वैवाहिक स्थिति			
		कभी भी विवाहित नहीं	विवाहित	विधवा	तलाकशुदा/ संबंध-विच्छेद	कभी भी विवाहित नहीं	विवाहित	विधवा	तलाकशुदा/ संबंध विच्छेद
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
सभी आयु	पुरुष	61.99	35.65	1.35	0.97	61.88	35.61	1.44	1.04
	स्त्रियाँ	55.42	37.01	5.62	1.94	54.95	3.30	5.71	2.03
0–9	पुरुष	100.00	..	..	..	100.00	..	..	..
	स्त्रियाँ	100.00	..	..	..	100.00	..	..	..
10–14	पुरुष	99.63	0.32	0.00	0.00	99.63	0.33	0.00	0.00
	स्त्रियाँ	99.04	0.90	0.02	0.01	98.97	0.97	0.02	0.01
15–19	पुरुष	96.76	2.94	0.03	0.21	96.54	3.11	0.03	0.25
	स्त्रियाँ	77.08	21.47	0.30	1.11	75.26	23.08	0.35	1.28
20–24	पुरुष	71.34	27.08	0.19	1.31	69.11	28.98	0.25	1.57
	स्त्रियाँ	30.07	65.19	1.22	3.58	26.96	67.64	1.45	3.93
25–29	पुरुष	33.39	64.39	0.50	1.64	30.01	67.41	0.00	1.90
	स्त्रियाँ	9.31	84.90	2.34	3.44	7.43	86.33	2.58	3.66
30–34	पुरुष	13.91	83.33	0.94	1.75	11.84	85.06	1.08	1.95
	स्त्रियाँ	4.20	88.15	3.97	3.68	3.03	88.84	4.33	3.00
35–39	पुरुष	6.61	90.28	1.32	1.76	5.81	90.87	1.46	1.82
	स्त्रियाँ	2.09	88.12	6.19	3.60	1.35	88.50	6.44	3.71
40–44	पुरुष	4.52	90.79	2.50	2.16	3.99	90.97	2.72	2.29
	स्त्रियाँ	1.69	81.38	12.24	4.69	1.12	81.71	12.48	4.69
45–49	पुरुष	3.30	91.23	3.31	2.15	2.99	91.18	3.57	2.25
	स्त्रियाँ	1.17	77.28	17.03	4.52	0.74	77.59	17.14	4.53
50–54	पुरुष	2.96	89.41	4.97	2.65	2.55	89.47	5.36	2.61
	स्त्रियाँ	1.23	66.64	27.07	5.05	0.81	67.03	27.06	5.09
55–59	पुरुष	2.50	88.20	6.39	2.89	2.07	88.17	6.70	3.05
	स्त्रियाँ	1.44	61.54	31.92	5.08	0.83	62.26	31.55	5.35
60–64	पुरुष	2.37	85.30	9.30	3.01	1.93	85.31	9.56	3.18
	स्त्रियाँ	1.20	46.62	47.34	4.82	0.80	47.12	47.20	4.86
65–69	पुरुष	2.74	82.39	11.72	3.13	2.26	82.38	12.05	3.29
	स्त्रियाँ	1.34	42.85	50.00	4.97	0.73	43.54	50.51	5.18
70+	पुरुष	1.97	77.67	16.88	3.42	1.65	78.20	16.55	3.54
	स्त्रियाँ	1.18	28.66	66.35	3.78	0.78	28.90	66.35	3.97
15–44	स्त्रियाँ	27.40	66.26	3.36	3.07	25.23	67.95	3.53	3.28
15–49	स्त्रियाँ	25.47	67.07	4.27	3.17	23.38	68.67	4.56	3.38

टिप्पणी : इस विवरण में "अनिर्दिष्ट वैवाहिक स्थिति" श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले आँकडे सम्मिलित नहीं है, इसलिए कालम 3 से 6, 7 से 10 और 11 से 14 का योग 100 होना आवश्यक नहीं है।

विवाहित, विधवा/विधुर और तलाक शुदा या संबध-विच्छेद व्यक्तियों के वितरण की प्रतिशतता—1981

नगरीय				आयु समूह	स्त्री/पुरुष
वैवाहिक स्थिति					
कभी भी विवाहित नहीं	विवाहित	विधवा	तलाक शुदा/ संबंध-विच्छेद		
11	12	13	14	1	2
62.47	35.07	0.93	8.69	सभी आयु	पुरुष
57.61	35.63	5.18	1.56		स्त्रियाँ
100.00	..	..	..	0–9	पुरुष
100.00	..	..	..		स्त्रियाँ
99.64	0.28	0.01	..	10–14	पुरुष
99.39	0.55	0.63	0.02		स्त्रियाँ
97.59	2.31	0.02	0.04	15–19	पुरुष
84.21	15.17	0.11	0.45		स्त्रियाँ
77.90	21.50	0.04	0.52	20–24	पुरुष
41.32	56.31	0.40	1.93		स्त्रियाँ
44.62	54.35	0.19	0.77	25–29	पुरुष
17.61	78.57	1.30	2.50		स्त्रियाँ
21.17	77.30	0.42	1.06	30–34	पुरुष
9.35	85.09	2.39	3.16		स्त्रियाँ
9.86	87.86	0.73	1.54	35–39	पुरुष
5.01	86.16	4.96	3.07		स्त्रियाँ
6.00	90.03	1.55	1.57	40–44	पुरुष
4.61	79.71	10.98	4.70		स्त्रियाँ
4.71	91.46	2.07	1.74	45–49	पुरुष
3.33	75.73	16.45	4.49		स्त्रियाँ
4.92	89.12	3.12	2.82	50–54	पुरुष
3.32	64.66	27.18	4.84		स्त्रियाँ
4.45	88.31	4.99	2.17	55–59	पुरुष
4.29	58.20	33.65	3.80		स्त्रियाँ
4.92	85.27	7.75	2.06	60–64	पुरुष
3.33	44.00	48.06	4.61		स्त्रियाँ
5.17	82.48	10.08	2.27	65–69	पुरुष
3.98	39.91	52.04	4.07		स्त्रियाँ
3.78	74.60	18.72	2.78	70+	पुरुष
2.94	27.60	66.36	2.94		स्त्रियाँ
36.56	59.14	2.10	2.17	15–44	स्त्रियाँ
34.40	60.22	3.03	2.32	15–49	स्त्रियाँ

Statement 2·2 Percentage distribution of never married, married, widowed and divorced or

Age Group	Sex	Total				Rural			
		Marital Status				Marital Status			
		Never married	Married	Widowed	Divorced/ Separated	Never Married	Married	Widowed	Divorced/ Separated
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
All ages	Males	61·99	35·65	1·35	0·97	61·88	35·61	1·44	1·04
	Females	55·42	37·01	5·62	1·94	54·95	3·30	5·71	2·03
0—9	Males	100·00	..	..	..	100·00	..	..	..
	Females	100·00	..	..	..	100·00	..	..	..
10—14	Males	99·63	0·32	0·00	0·00	99·63	0·33	0·00	0·00
	Females	99·04	0·90	0·02	0·01	98·97	0·97	0·02	0·01
15—19	Males	96·76	2·94	0·03	0·21	96·54	3·11	0·03	0·25
	Females	77·08	21·47	0·30	1·11	75·26	23·08	0·35	1·28
20—24	Males	71·34	27·08	0·19	1·31	69·11	28·98	0·25	1·57
	Females	30·07	65·19	1·22	3·58	26·96	67·64	1·45	3·93
25—29	Males	33·39	64·39	0·50	1·64	30·01	67·41	0·00	1·90
	Females	9·31	84·90	2·34	3·44	7·43	86·33	2·58	3·66
30—34	Males	13·91	83·33	0·94	1·75	11·84	85·06	1·08	1·95
	Females	4·20	88·15	3·97	3·68	3·03	88·84	4·33	3·00
35—39	Males	6·61	90·28	1·32	1·76	5·81	90·87	1·46	1·82
	Females	2·09	88·12	6·19	3·60	1·35	88·50	6·44	3·71
40—44	Males	4·52	90·79	2·50	2·16	3·99	90·97	2·72	2·29
	Females	1·69	81·38	12·24	4·69	1·12	81·71	12·48	4·69
45—49	Males	3·30	91·23	3·31	2·15	2·99	91·18	3·57	2·25
	Females	1·17	77·28	17·03	4·52	0·74	77·59	17·14	4·53
50—54	Males	2·96	89·41	4·97	2·65	2·55	89·47	5·36	2·61
	Females	1·23	66·64	27·07	5·05	0·81	67·03	27·06	5·09
55—59	Males	2·50	88·20	6·39	2·89	2·07	88·17	6·70	3·05
	Females	1·44	61·54	31·92	5·08	0·83	62·26	31·55	5·35
60—64	Males	2·37	85·30	9·30	3·01	1·93	85·31	9·56	3·18
	Females	1·20	46·62	47·34	4·82	0·80	47·12	47·20	4·86
65—69	Males	2·74	82·39	11·72	3·13	2·26	82·38	12·05	3·29
	Females	1·34	42·85	50·00	4·97	0·73	43·54	50·51	5·18
70+	Males	1·97	77·67	16·88	3·42	1·65	78·20	16·55	3·54
	Females	1·18	28·66	66·35	3·78	0·78	28·90	66·35	3·97
15—44	Females	27·40	66·26	3·36	3·07	25·23	67·95	3·53	3·28
15—49	Females	25·47	67·07	4·27	3·17	23·38	68·67	4·56	3·38

Note: The statement does not include the figures under the category of "unspecified marital status" and hence the columns 3 to 6, 7 to 10 and 11 to 14 may not add up to 100·00.

separated by age groups, sex and rural, urban areas, Meghalaya—1981

Urban				Age Group	Sex
Marital Status					
Never married	Married	Widowed	Divorced/ Separated		
11	12	13	14	1	2
62·47	35·07	0·93	8·69	All ages	Males
57·61	35·63	5·18	1·56		Females
100·00	..	..	..	0—9	Males
100·00	..	..	..		Females
99·64	0·28	0·01	..	10—14	Males
99·39	0·55	0·63	0·02		Females
97·59	2·31	0·02	0·04	15—19	Males
84·21	15·17	0·11	0·45		Females
77·90	21·50	0·04	0·52	20—24	Males
41·32	56·31	0·40	1·93		Females
44·62	54·35	0·19	0·77	25—29	Males
17·61	78·57	1·30	2·50		Females
21·17	77·30	0·42	1·06	30—34	Males
9·35	85·09	2·39	3·16		Females
9·86	87·86	0·73	1·54	35—39	Males
5·01	86·16	4·96	3·07		Females
6·00	90·03	1·55	1·57	40—44	Males
4·61	79·71	10·98	4·70		Females
4·71	91·46	2·07	1·74	45—49	Males
3·33	75·73	16·45	4·49		Females
4·92	89·12	3·12	2·82	50—54	Males
3·32	64·66	27·18	4·84		Females
4·45	88·31	4·99	2·17	55—59	Males
4·29	58·20	33·65	3·80		Females
4·92	85·27	7·75	2·06	60—64	Males
3·33	44·00	48·06	4·61		Females
5·17	82·48	10·08	2·27	65—69	Males
3·98	39·91	52·04	4·07		Females
3·78	74·60	18·72	2·78	70+	Males
2·94	27·60	66·36	2·94		Females
36·56	59·14	2·10	2·17	15—44	Females
34·40	60·22	3·03	2·32	15—49	Females

विवरण से यह स्पष्ट है कि मेघालय के दोनों नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक आयु में विवाह करना प्रचलित है । उदाहरणार्थ 20–24 के आयु समूह में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में क्रमशः 26.96% और 41.32% स्त्रियां अविवाहित रहती हैं । इससे अगले 25–29 के आयु समूह में ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय विवाहित स्त्रियों की प्रतिशतता 86.33% है और नगरीय क्षेत्रों में यह 78.57% है । इसके परिणामस्वरूप मेघालय राज्य में 15–44 के प्रजनन आयु समूह में कुल स्त्रियों की तुलना में इस समय विवाहित स्त्रियों की प्रतिशतता 66.26 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय औसत 80.48% (5% आंकड़ों पर आधारित) है ।

विवरण 2.3 चुने हुए आयु समूहों में कुल स्त्रियों की तुलना में इस समय विवाहित स्त्रियों की प्रतिशतता और 1000 की जनसंख्या के लिए दम्पतियों की संख्या—1981

राज्य/जिला	15–44 के आयु समूह में स्त्रियों की संख्या		कुल स्त्रियों की तुलना में संबंधित आयु समूह में विवाहित स्त्रियों की प्रतिशतता			1000 की जनसंख्या में दम्पतियों की संख्या*
	योग	विवाहित	15–44	15–19	20–24	
1	2	3	4	5	6	7
मेघालय	291,720	193,300	66.26	21.47	65.19	145
1. जैन्तिया हिल्स	31,864	21,004	65.92	22.33	69.28	135
2. पूर्वी खासी हिल्स	112,049	68,712	61.32	15.55	57.56	134
3. पश्चिमी खासी हिल्स	33,067	21,120	63.87	16.95	62.77	131
4. पूर्वी गारो हिल्स	31,280	22,754	72.74	27.48	74.82	167
5. पश्चिमी गारो हिल्स	83,458	59,710	71.54	29.09	72.77	161

*सभी आयु समूह के 1000 व्यक्तियों में 15–44 के आयु समूह में "इस समय विवाहित स्त्रियों" की संख्या से सम्बन्धित है ।

विवरण 2.3 जिसमें वैवाहिकता के कुछ कुंजीयन सूचकांक दर्शाए गए हैं से यह देखा जाएगा, कि सभी आयु समूह के 1000 व्यक्तियों में से 15–44 आयु समूह में इस समय विवाहित स्त्रियों की संख्या अर्थात मेघालय में 1000 की जनसंख्या में प्रजनन आयु समूह में दम्पतियों की संख्या 145 है जबकि समग्र भारत के लिए यह 169 है । इस संबंध में मेघालय, केरल के बराबर है जहां पर 5 प्रतिशत पर आधारित तुलनात्मक आंकड़े 1000 प्रति व्यक्ति 145 हैं ।

जैंतिया हिल्स, पूर्व खासी हिल्स और पश्चिम खासी हिल्स में 15–44 के आयु समूह में कुल स्त्रियों की तुलना में विवाहित महिलाओं की प्रतिशतता और प्रति 1000 जनसंख्या में दम्पतियों की संख्या बहुत कम है । 15–44 के आयु समूह में विवाहित स्त्रियों की प्रतिशतता 61 से 66 के बीच है । पूर्वी गारो हिल्स और पश्चिम गारो हिल्स में तुलनात्मक प्रतिशतता क्रमशः 72.74 और 71.54 है ।

यह उल्लेखनीय है कि जैंतिया हिल्स (95.08%) और पश्चिम खासी हिल्स (97.16%) में अनुसूचित जनजातियों का अनुपात काफी अधिक है । पूर्वी खासी हिल्स जिला राज्य का सबसे अधिक नगरीकृत जिला है जहां पर इसकी 35.35% जनसंख्या नगरीय क्षेत्रों में रहती है । इन कारणों से इन जिलों में विवाहित स्त्रियों की प्रतिशतता कम है ।

विवाह के समय आयु

1981 की जनगणना में कभी भी विवाहित सभी स्त्रियों की विवाह के समय आयु का पता लगाने के बारे में प्रश्न किया गया था । 1971 की जनगणना में केवल इस समय विवाहित स्त्रियों की आयु के बारे में प्रश्न पूछा गया था । 1981 की जनगणना में ये आंकड़े राज्य स्तर पर धर्म, शिक्षा स्तर और कामगारों की श्रेणी के अनुसार अलग-अलग सारणीबद्ध किए गए जब कि 1971 की जनगणना में सारणीकरण केवल धर्म और शिक्षा के स्तर पर किया गया था । 1981 में आंकड़े जिला स्तर पर भी सारणीबद्ध किए गए हैं ।

इस समय विवाहित स्त्रियों के लिए दो सूचकांक अर्थात् विवाह के समय औसत आयु और विवाह के समय मध्यम आयु तैयार किए गए हैं । पहले सूचकांक में इस समय विवाहित स्त्रियों की विवाह के समय औसतन आयु दी गई है

It is seen from the statement that late marriage is prevalent both in rural and urban areas of Meghalaya. For example, in the age group 20-24, 26.96% and 41.32% of the females in rural and urban areas respectively remain unmarried. In the next age group 25-29 only 86.33% of the females in rural areas and 78.57% of the females in urban areas are currently married. As a result of these the percentage of currently married females to total females in the reproductive age group 15-44 is only 66.26% in the state of Meghalaya as against a national average of 80.48% (based on 5% data).

Statement 2. 3 Percentage of currently married females to total females in selected age groups and the number of couples per 1000 population—1981

ब्रास प्रजननता अनुमान प्रक्रिया का सार आयु विशिष्ट प्रजननता दरों का समायोजन है। वर्तमान आयु विशिष्ट प्रजननता दरों मे ब्रास पद्धति द्वारा आयु के अनुसार प्रति महिला के कभी भी जन्में औसत बच्चों की संख्या की गणना की जाती है जो कि "एफ" कहलाती है। संग्रहीत आंकडों से सीधे आयु के अनुसार निकाले गए प्रति महिला के कभी भी जन्में औसत बच्चों की संख्या "पी" कहलाती है। 20–24 या 25–29 आयु समूह की महिलाओं के लिए पी और एफ का अनुपात (P/F) की मदद से वर्तमान आयु विशिष्ट प्रजननता दरों का समायोजन किया जाता है। वर्तमान प्रजननता का अनुमान जनगणना से पूर्व एक वर्ष के दौरान जन्मों के बारे में पूछे गये प्रश्न के आधार पर लगाया गया है इसलिए माता की आयु जनगणना के समय की होगी न कि जन्म के समय की। दूसरे शब्दों में, आयु विशिष्ट प्रजननता दर में आधे वर्ष का अन्तर होगा। ब्रास ने गुणकों का एक सेट विकसित किया था जिसे ऐसी परिस्थितियों में प्रयोग में लाया जा सकता है। ये गुणक $(एफ_1/एफ_2)\,(f_1/f_2)$ अर्थात 20–24 की तुलना में 15–19 के आयु समूह में आयु विशिष्ट प्रजननता दर का अनुपात और प्रजननता अनुसूची की औसत आयु $(\overline{m})$ के मान पर आधारित है गुणकों का पता लगाने के लिए जिन पैरामीटरों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें विवरण 3.6 में ग्रामीण, नगरीय और सभी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग दर्शाया गया है। विवरण में पी (45–49) और पी (50+) को भी दर्शाया गया है जो क्रमशः 45–49 और 50 और इससे अधिक के आयु समूहों की महिलाओं के कभी भी पैदा हुए बच्चों की औसत संख्या है। पी (45–49) और पी (50+) की तुलना से यह पता चलता है कि याद न आने के कारण बाद वाले आयु समूह में कभी भी पैदा हुए बच्चों की औसत संख्या कम दर्ज हुई। परन्तु पश्चिमी खासी हिल्स के मामले में ग्रामीण क्षेत्रों में 50+ और इस से अधिक आयु की महिलाओं के कभी भी पैदा हुए बच्चों की संख्या, 45–49 आयु समूह की महिलाओं के 5.7 बच्चों की अपेक्षा 7.4 होना विशेष रूप से अधिक है।

विवरण 3.6 प्रजननता आकलन के लिए प्रयोग में लाये गये पैरामीटर

राज्य/जिला	यो०/ग्रा०/न०	$\overline{m}$	एफ 1/एफ2	पी45–49	पी50+
1	2	3	4	5	6
मेघालय	योग	30.3	0.243	5.17	4.74
	ग्रामीण	30.5	0.251	5.30	4.81
	नगरीय	28.9	0.212	4.53	4.42

is those ever married women who are 50 years and above and with no live births. Statement 3.5 indicates the proportions of such women.

Statement 3·5 Percentage of ever married women (aged 50 and above) with no live births, by religion and district

Religion/District	Total	Rural	Urban
Meghalaya	0·93	0·91	0·98
(a) **Religion**			
(i) Christian	1·05	1·00	1·35
(ii) Hindu	0·59	0·67	0·49
(iii) Muslim	0·31	0·34	..
(iv) Buddhist	..	..	..
(b) **District**			
(i) Jaintia Hills	0·81	0·69	2.25
(ii) East Khasi Hills	0·82	0·82	0·79
(iii) West Khasi Hills	1·41	1·40	2·13
(iv) East Garo Hills	0·83	0·84	..
(v) West Garo Hills	0·92	0·93	1·70

It is noticed that proportion of childless women is extremely low. This trend is noticed among all sections and in all districts.

Estimation of fertility using P/F technique

As already noted, the 1981 Census collected data on children ever born and births during last one year. The question on children ever born was canvassed for all ever married women and that on births during the last one year canvassed for all currently married women. If one were to make an assumption that very few births have occurred to widowed and divoced females during the last one year, the births during the last one year could be converted into age specific fertility rates. From these two set of data, fertility for the year 1980 can be estimated using P/F ratio technique suggested by William Brass, where P stands for the average parity of the women in a particular age group and F stands for the average parity equivalent obtained from period fertility rates and by cumulation and interpolation.

The essence of Brass fertility estimation procedure is the adjustment of the age pattern of fertility derived from information on births during last one year by the level of fertility implied by the average parity of women in age groups 20—24 and 25—29. Since the current fertility has been obtained from the census question on births during last one year preceding the census the age of mother would be at the time of census, not at the time of birth. In other words, there would be half a year displacement in age specific fertility rate. Brass had developed a set of multipliers which can be used in such situations. These multipliers are dependent on the values of (f_1/f_2) i.e. the ratio of the age specific fertility rate in the age group 15—19 to that in 20—24 and the mean age of fertility schedule $(\bar{m})$. These parameters used for locating the multipliers (k_i's) are shown in Statement 3.6 separately for rural, urban and all areas. The statement also shows P(45—49) and P(50+), the average number of children ever born for females in age groups 45—49 and 50 and above respectively. Comparison of P(45—49) and P(50+) shows that, the average number of children ever born has been under reported in the latter age group, due to recall lapse. In case of West Khasi Hills however, in rural areas the number of children ever born for women aged 50+ is distinctly higher being 7.4 against 5.7 children reported to have born for women in the age group 45—49.

Statement 3.6 Parameters used for estimation of fertility

State/Distric	T/R/U	$\bar{m}$	f_1/f_2	P_{45-49}	$P_{50}+$
1	2	3	4	5	6
Meghalaya	Total	30.3	0.243	5.17	4.74
	Rural	30.5	0.251	5.30	4.81
	Urban	28.9	0.212	4.53	4.42

..Contd.

विवरण 3.6 प्रजननता आकलन के लिए प्रयोग में लाये गये पैरामीटर

राज्य/जिला	यो०/ग्रा०/न०	$\bar{m}$	एफ1/एफ2	पी45–49	पी50+
1	2	3	4	5	6
1. जैंतिया हिल्स . .	योग	30.9	0.249	6.01	5.46
	ग्रामीण	31.0	0.258	6.07	5.50
	नगरीय	29.7	0.165	5.34	4.93
2. पूर्वी खासी हिल्स . .	योग	30.4	0.202	5.02	4.58
	ग्रामीण	30.9	0.197	5.34	4.67
	नगरीय	29.0	0.210	4.40	4.41
3. पश्चिमी खासी हिल्स . .	योग	31.5	0.200	5.72	7.38
	ग्रामीण	31.4	0.199	5.69	7.42
	नगरीय	31.6	0.238	7.56	5.86
4. पूर्वी गारो हिल्स . .	योग	29.6	0.278	4.96	4.38
	ग्रामीण	29.8	0.279	4.95	4.37
	नगरीय	27.1	0.313	5.48	4.95
5. पश्चिमी गारो हिल्स . .	योग	29.5	0.319	4.89	4.61
	ग्रामीण	29.6	0.340	4.91	4.64
	नगरीय	28.1	0.211	4.70	4.10

प्रजननता अनुसूची ($\bar{m}$) का औसत आयु यह दर्शाती है कि मेघालय में 29.5 से 31.5 की श्रृंखला में औसत आयु है। सामान्य तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में नगरीय क्षेत्रों में प्रजननता अनुसूची की औसत आयु कम है।

विवरण 3.7 विभिन्न आयु समूहों के लिए पी/एफ अनुपात

राज्य/जिला	यो०/ग्रा०/न०	15–19	20–24	25–29	30–34	35–39	40–44	45–49
मेघालय . . .	योग	2.2077	1.7002	1.6611	1.6192	1.5821	1.5078	1.4623
	ग्रामीण	2.2606	1.7448	1.7002	1.6505	1.5911	1.4978	1.4484
	नगरीय	1.9200	1.5324	1.4717	1.4653	1.5082	1.5456	1.5388
1. जैंतिया हिल्स .	योग	1.8947	1.7101	1.6345	1.5922	1.5194	1.4647	1.3839
	ग्रामीण	1.8458	1.7016	1.6299	1.5866	1.4992	1.4444	1.3608
	नगरीय	2.5978	1.8107	1.6639	1.6314	1.7524	1.7353	1.7289
2. पूर्वी खासी हिल्स . .	योग	1.9322	1.4996	1.4615	1.4172	1.4065	1.3504	1.3503
	ग्रामीण	1.9674	1.4943	1.4600	1.3980	1.3626	1.2693	1.2717
	नगरीय	1.8751	1.5118	1.4544	1.4509	1.4810	1.5309	1.5408
3. पश्चिमी खासी हिल्स .	योग	2.0296	1.5913	1.5727	1.5113	1.4112	1.4834	1.2392
	ग्रामीण	2.0346	1.5987	1.5920	1.5263	1.4245	1.3329	1.2599
	नगरीय	1.8785	1.4016	1.0800	1.0901	1.0039	1.2447	1.2027
4. पूर्वी गारो हिल्स . .	योग	2.6113	2.0642	1.9764	1.8988	1.8632	1.7371	1.6631
	ग्रामीण	2.7325	2.1795	2.0680	1.9653	1.9164	1.7830	1.7037
	नगरीय	1.2717	0.9569	0.9334	1.0559	1.1704	1.0920	1.0995
5. पश्चिमी गारो हिल्स .	योग	2.3784	1.9404	1.8865	1.9063	1.8818	1.8080	1.7283
	ग्रामीण	2.3826	1.9749	1.9241	1.9371	1.8973	1.8147	1.7362
	नगरीय	2.1078	1.7095	1.6375	1.6899	1.7874	1.8005	1.6972

टिप्पणी:—बच्चों और महिलाओं की संख्या पश्चिमी खासी नगरों में बहुत कम है।

Statement 3·6 Parameters used for estimation of fertility—Concld.

State/District	T/R/U	$\bar{m}$	f_1/f_2	P_{45-49}	P_{50+}
1	2	3	4	5	6
1. Jaintia Hills	Total	30.9	0.249	6.01	5.46
	Rural	31.0	0.258	6.07	5.50
	Urban	29.7	0.165	5.34	4.93
2. East Khasi Hills	Total	30.4	0.202	5.02	4.58
	Rural	30.9	0.197	5.34	4.67
	Urban	29.0	0.210	4.40	4.41
3. West Khasi Hills	Total	31.5	0.200	5.72	7.38
	Rural	31.4	0.199	5.69	7.42
	Urban	31.6	0.238	7.56	5.86
4. East Garo Hills	Total	29.6	0.278	4.96	4.38
	Rural	29.8	0.279	4.95	4.37
	Urban	27.1	0.313	5.48	4.95
5. West Garo Hills	Total	29.5	0.319	4.89	4.61
	Rural	29.6	0.340	4.91	4.64
	Urban	28.1	0.211	4.70	4.10

The mean age of the fertility schedule ($\bar{m}$) shows that in Meghalaya the mean age is in the range of 29.5 to 31.5. In general the mean age of the fertility schedule is lower in urban areas compared to rural areas.

Statement 3·7 P/F Ratios for various age groups

State/District	T/R/U/	Age group						
		15-19	20-24	25-29	30-34	35-39	40-44	45-49
Meghalaya	Total	2.2077	1.7002	1.6611	1.6192	1.5821	1.5078	1.4623
	Rural	2.2606	1.7448	1.7002	1.6505	1.5911	1.4978	1.4484
	Urban	1.9200	1.5324	1.4717	1.4653	1.5082	1.5456	1.5388
1. Jaintia Hills	Total	1.8947	1.7101	1.6345	1.5922	1.5194	1.4647	1.3823
	Rural	1.8458	1.7016	1.6299	1.5866	1.4992	1.4444	1.3608
	Urban	2.5978	1.8107	1.6639	1.6314	1.7524	1.7353	1.7289
2. East Khasi Hills	Total	1.9322	1.4996	1.4615	1.4172	1.4065	1.3504	1.3503
	Rural	1.9674	1.4943	1.4600	1.3980	1.3626	1.2693	1.2717
	Urban	1.8751	1.5118	1.4544	1.4509	1.4810	1.5309	1.5408
3. West Khasi Hills	Total	2.0296	1.5913	1.5727	1.5113	1.4112	1.4834	1.2392
	Rural	2.0346	1.5987	1.5920	1.5263	1.4245	1.3329	1.2599
	Urban	1.8785	1.4016	1.0800	1.0901	1.0039	1.2447	1.2027
4. East Garo Hills	Total	2.6113	2.0642	1.9764	1.8988	1.8632	1.7371	1.6631
	Rural	2.7325	2.1795	2.0680	1.9653	1.9164	1.7830	1.7037
	Urban	1.2717	0.9569	0.9334	1.0559	1.1704	1.0920	1.0995
5. West Garo Hills	Total	2.3784	1.9404	1.8865	1.9063	1.8818	1.8080	1.7283
	Rural	2.3826	1.9749	1.9241	1.9371	1.8973	1.8147	1.7362
	Urban	2.1078	1.7095	1.6375	1.6899	1.7874	1.8005	1.6972

Note : Number of children and women are very low in West Khasi Urban

ऊपर विवरण में राज्य के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के लिए अलग-अलग विभिन्न आयु समूहों के पी/एफ अनुपातों को प्रदर्शित किया गया है। केवल पूर्वी गारो हिल्स के नगरीय क्षेत्रों में 20–24 और 25–29 वर्ष के आयु समूहों को छोड़कर सभी जिलों और सभी अन्य आयु समूहों में पी/एफ अनुपात एक से अधिक था। आयु समूह 15–19 की तुलना में आयु समूह 20–24 के अनुपातों में भारी कमी आई है। तथापि, वहां उसी आयु समूह में विभिन्न जिलों के लिए पी/एफ अनुपातों में काफी विभिन्नताएं हैं। सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में पी/एफ अनुपात में आयु बढने के साथ गिरावट आई है जो कि इस परिकल्पना की पुष्टि करती है कि बड़ी आयुओं में कभी भी पैदा हुए बच्चों को कम दर्शाया गया है। नगरीय क्षेत्रों में पी/एफ अनुपात प्रायः 25–29 आयु समूह के बाद बढ़ता है। पूर्वी खासी, पश्चिमी खासी, जैंतिया और पूर्वी गारो हिल्स जिलों में 25–29 वर्ष के आयु समूह का पी/एफ अनुपात आयु समूह 20–24 और 30–34 के लिए पी/एफ अनुपात के बीच में आता है। इसे देखते हुए प्रजननता दरों को समायोजित करने में आयु समूह 25–29 के पी/एफ अनुपात को प्रयोग में लाया गया है। समायोजित प्रजननता दरें विवरण 3.8 में दर्शायी गयी हैं। गत वर्ष के जन्म 1981 की जनगणना से एक वर्ष पहले की अवधि अर्थात् 1 मार्च, 1980 से 1 मार्च, 1981 तक के वर्ष से सम्बन्धित हैं, इसलिए इस अवधि के मध्य के लिए ही जनसंख्या को समायोजित किया गया है ताकि जन्म दर का अन्दाज लग जाए। विवरण 3.8 में विभिन्न जिलों की असमायोजित जन्म दरें, कुल प्रजननता दरें सामान्य प्रजननता दरें, सामान्य वैवाहिक प्रजननता दरें, कुल वैवाहिक प्रजननता दरें दर्शायी गयी हैं। विवरण में इन मापदण्डों (पैरामीटरों) के समायोजित मानों को भी दर्शाया गया है।

The P/F ratios for various age groups statewise are summarised in the above statement separately for rural and urban areas. Except the age groups 20—24 and 25—29 in the urban areas of East Garo Hills in all other districts and in all other age groups the P/F ratios were above one. Compared to the age group 15—19 ratios in the age group 20—24 show a sharp decline. There is, however considerable variation in the P/F ratios for various districts in the same age group. In the rural areas of all the districts the P/F ratios show a declining trend which is consistent with the hypothesis that there is considerable omission of children ever born at higher ages. In urban areas the P/F ratios increase in general after the age group 25—29. In the districts of East Khasi, West Khasi, Jaintia and East Garo Hills the P/F ratio for the age group 25—29 falls midway between P/F ratio for the age groups 20-24 and 30-34. In view of that the P/F ratio for the age group 25-29 has been used in adjusting the fertility rates. The adjusted fertility rates are shown in Statement 3.8. Since the births relate to one year prior to 1981 Census i.e., for the year 1st March, 1980 to 1st March, 1981 the population has been adjusted to the middle of this period to calculate crude birth rate only.

Statement 3.8 shows the unadjusted birth rate, TFR, GFR, GMFR and TMFR for various districts. The statement also shows the adjusted values of these parameters.

विवरण 3.8 समायोजित और असमायोजित जन्म दरें, कुल प्रजननता दरें,

राज्य/जिला		यो०ग्रा०न०	असमायोजित				
			ज०द०	कु०प्र०द०	कु०वै०प्र०द०	सा०प्र०द०	सा०वै०प्र०द०
1		2	3	4	5	6	7
मेघालय	योग		26.26	3.6	5.1	108	161
	ग्रामीण		26.72	3.7	5.1	111	161
	नगरीय		24.18	3.0	4.9	95	159
जैंतिया हिल्स	योग		28.73	4.4	6.0	126	188
	ग्रामीण		29.16	4.5	6.1	129	190
	नगरीय		23.98	3.1	5.1	94	164
पूर्वी खासी हिल्स	योग		27.45	3.7	5.7	113	180
	ग्रामीण		29.53	4.3	6.2	129	194
	नगरीय		23.63	2.9	4.9	92	155
पश्चिमी खासी हिल्स	योग		31.06	4.7	6.6	135	205
	ग्रामीण		30.66	4.6	6.6	132	204
	नगरीय		40.19	6.5	8.2	187	265
पूर्वी गारो हिल्स	योग		24.02	3.0	4.0	96	131
	ग्रामीण		23.39	2.9	3.9	93	127
	नगरीय		43.51	5.0	6.2	191	246
पश्चिमी गारो हिल्स	योग		22.38	2.9	3.9	89	124
	ग्रामीण		22.31	2.8	3.9	89	122
	नगरीय		22.97	2.9	4.3	95	151

कुल वैवाहिक प्रजननता दरें, सामान्य प्रजननता दरें, और सामान्य वैवाहिक प्रजननता दरें-1981

समायोजित					योग ग्रामीण नगरीय	राज्य/जिला
ज०द०	कु०प्र०द०	कु०वै०प्र०द०	सा०प्र०द०	सा०वै०प्र०द०		
8	9	10	11	12	2	1
43.62	6.0	8.5	179	267	योग	**मेघालय**
45.42	6.3	8.7	189	274	ग्रामीण	
35.58	4.4	7.2	140	234	नगरीय	
46.96	7.2	9.8	206	307	योग	जैंतिया हिल्स
47.53	7.3	9.9	210	310	ग्रामीण	
39.90	5.2	8.5	156	273	नगरीय	
40.11	5.4	8.3	165	263	योग	पूर्वी खासी हिल्स
43.12	6.3	9.1	183	283	ग्रामीण	
34.37	4.2	7.1	134	225	नगरीय	
48.87	7.4	10.4	212	322	योग	पश्चिमी खासी हिल्स
48.81	7.3	10.5	210	325	ग्रामीण	
43.40	7.0	8.9	202	286	नगरीय	
47.48	5.9	7.9	190	259	योग	पूर्वी गारो हिल्स
48.38	6.0	8.1	192	263	ग्रामीण	
40.61	4.7	5.8	178	230	नगरीय	
42.23	5.5	7.4	168	234	योग	पश्चिमी गारो हिल्स
42.93	5.4	7.5	171	235	ग्रामीण	
37.61	4.7	7.0	156	247	नगरीय	

Statement 3·8 Adjusted and unadjusted Birth Rate, Total Fertility Rate,

State/Distt.	T/R/U	Unadjusted				
		B.R.	TFR	TMFR	GFR	GMFR
1	2	3	4	5	6	7
Meghalaya	Total	26.26	3.6	5.1	108	161
	Rural	26.72	3.7	5.1	111	161
	Urban	24.18	3.0	4.9	95	159
Jaintia Hills	Total	28.73	4.4	6.0	126	188
	Rural	29.16	4.5	6.1	129	190
	Urban	23.98	3.1	5.1	94	164
East Khasi Hills . . .	Total	27.45	3.7	5.7	113	180
	Rural	29.53	4.3	6.2	129	194
	Urban	23.63	2.9	4.9	92	155
West Khasi Hills . . .	Total	31.08	4.7	6.6	135	205
	Rural	30.66	4.6	6.6	132	204
	Urban	40.19	6.5	8.2	187	265
East Garo Hills . . .	Total	24.02	3.0	4.0	96	131
	Rural	23.39	2.9	3.9	93	127
	Urban	43.51	5.0	6.2	191	246
West Garo Hills . . .	Total	22.38	2.9	3.9	89	124
	Rural	22.31	2.8	3.9	89	122
	Urban	22.97	2.9	4.3	95	151

Total Marital Fertility Rate, General Fertilily Rate and General Marital Fertility Rate—1981

Adjusted					T/R/U	State/Distt.
B.R.	TFR	TMFR	GFR	GMFR		
8	9	10	11	12		
43.62	6.0	8.5	179	267	Total	**Meghalaya**
45.42	6.3	8.7	189	274	Rural	
35.58	4.4	7.2	140	234	Urban	
46.96	7.2	9.8	206	307	Total	Jaintia Hills
47.53	7.3	9.9	210	310	Rural	
39.90	5.2	8.5	156	273	Urban	
40.11	5.4	8.3	165	263	Total	East Khasi Hills
43.12	6.3	9.1	183	283	Rural	
34.37	4.2	7.1	134	225	Urban	
48.87	7.4	10.4	212	322	Total	West Khasi Hills
48.81	7.3	10.5	210	325	Rural	
43.40	7.0	8.9	202	286	Urban	
47.48	5.9	7.9	190	259	Total	East Garo Hills
48.38	6.0	8.1	192	263	Rural	
40.61	4.7	5.8	178	230	Urban	
42.23	5.5	7.4	168	234	Total	West Garo Hills
42.93	5.4	7.5	171	235	Rural	
37.61	4.7	7.0	156	247	Urban	

विवरण से यह देखा गया है कि मेघालय में जन्म दर वास्तव में बहुत ऊंची है और यह 42–48 की श्रंखला में है। सैम्पल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली, द्वारा प्रस्तुत किये गये अनुमानों से जो कि 32 के समीप है, यह अनुमान स्पष्टतया अधिक हैं। मेघालय राज्य के लिए समायोजित जन्म दर 43.62 है और समायोजित कुल प्रजननता दर 6.0 है।

अग्रिम अनुमान पद्धति (फारवर्ड प्रोजेक्सन मेथड) के अनुसार जन्म के समय जीवन की सम्भावना।

इस पद्धति के अनुसार 1971 जनगणना की आयु-वार जनसंख्या से 10 वर्ष आगे के अनुमान तैयार कर उनकी आयु के अनुसार 1981 की जनसंख्या के साथ तुलना की गई है। 1971 के आयु-वार आंकड़ों का प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा हाल ही में निकाली गई दक्षिण एशियाई आदर्श जीवन सारणियों का उपयोग करते हुए किया गया है। इन जीवन सारणियों को आधारित आंकड़ों के ध्यान पूर्वक मूल्यांकन, चुनाव और समायोजन की प्रक्रियाओं के पश्चात्, विकसित किया गया है। दक्षिण एशियाई पैटर्न के लिए 1970 से 1972 तक के 2 वर्षों के लिए सैम्पल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली से इकठ्ठे किये गये मृत्यु-दर सम्बन्धी आंकड़ों का भी उपयोग किया गया है।

इस पद्धति को अपनाने के लिए जीवितों के दो अनुपातों अर्थात् 1971 की 1981 तक जीवित जनसंख्या और 1981 तक 1971 की 5 वर्ष और इससे अधिक आयु की जीवित जनसंख्या के मानों से बीच मध्यम (Medium) को तलाशा गया है।

इस पद्धति द्वारा अनुमानित जीवन सम्भावना मेघालय राज्य में पुरुषों के लिए 52.3 वर्ष और स्त्रियों के लिए 49.6 है। 1971–81 के दशक के लिए तत्सम्बन्धी अंशोधित मृत्यु दर का अनुमान प्रति हजार 14.3 है। इसे जब प्रति हजार 28.0 की वृद्धि दर में जमा किया जाता है तो 1971–81 दशक के लिए 42.3 की जन्म दर का अनुमान लगाया जाता है। पिछले पैरा में 1981 वर्ष के लिए पी/एफ अनुपात पद्धति से प्राप्त 43.62 का अनुमान, इस दशक के लिए 42.3 के अनुमान से तुलना करने पर कुछ अधिक दिखाई पड़ता है, परन्तु यह अनुमान विशेष अधिक नहीं है।

कभी भी पैदा हुए व जीवित बचे बच्चों के आंकड़ों से अनुमानित बाल मृत्यु-दर यह दर्शाती है कि इस आयु समूह में मृत्यु दर मेघालय में अपेक्षाकृत कम है। अनुमानित बाल मृत्यु दर स्तरों की दक्षिण एशियाई पैटर्न आदर्श जीवन सारणियों की बाल मृत्यु-दर से तुलना करने पर पता चलता है कि मेघालय में जीवन सम्भावना 60 वर्ष के करीब होनी चाहिए जो कि 1976 में लगाए गए 51 वर्ष के दशकीय अनुमान से ऊंची है। पूर्वी और पश्चिमी गारो हिल्स में केंद्रित बाल मृत्यु-दर यह दर्शाती है कि वहां पर जीवन सम्भावना लगभग 55 है जबकि पूर्वी और पश्चिमी खासी हिल्स में यह 66–67 के लगभग है। जैंतिया हिल्स में जीवन सम्भावना 60 के लगभग है। इस बात पर विश्वास करने के कई कारण हैं कि इस राज्य में गर्भ निरोध के कारण प्रजननता में तीव्रता से कमी नहीं हुई है अतः जनगणना में पायी गयी ऊंची वृद्धि दर स्वाभाविक वृद्धि है। निम्नलिखित सारणी में विभिन्न जिलों की प्राकृतिक वृद्धि के मोटे अनुमानों की तुलना जनगणना अनुमानों से की गई है। स्थायित्व के अनुमान पर वृद्धि के मोटे अनुमान तैयार किये गये हैं। जन्म दर और बाल मृत्यु दर के अनुरूप $e^{\circ}_{\circ}$ ($e^{\circ}_{\circ}$ के आधार पर वृद्धि दर) का अनुमान दक्षिण एशियाई पैटर्न के स्थायी जनसंख्या आदर्श से लगाया गया है।

विवरण 3.9 समायोजित जन्म दर और बाल मृत्यु दर के अनुमानों के अनुरूप $e^{\circ}_{\circ}$ का प्रयोग करते हुए जिलावार वृद्धि दर।

राज्य/जिला	वृद्धि दर*	†जनगणना के अनुसार वृद्धि दर
1	2	3
मेघालय . . .	0.035	0.029
जैंतिया . . .	0.039	0.032
पूर्वी खासी हिल्स . .	0.034	0.029
पश्चिमी खासी हिल्स .	0.040	0.037
पूर्वी गारो हिल्स . .	0.037	0.028
पश्चिमी गारो हिल्स . .	0.031	0.020

†समायोजित जन्म दर और बाल मृत्यु दर के अनुमान सम्बन्धी $e^{\circ}_{\circ}$ का प्रयोग करते हुए वृद्धि दर।
*घातीय वृद्धि दर।

यह देखा गया है कि दशक के दौरान पाये गये अपेक्षाकृत अधिक विकास दरों के होते हुए भी ये दरें लगभग कालम 2 में दिखाई गई प्राकृतिक वृद्धि दरों के बराबर हैं। वास्तव में सभी मामलों में दरें कम हैं। कालम 2 में दिखाये गये अनुमान कुछ अधिक लगाए गए हैं क्योंकि अंतर्निहित जन्म दरें कुछ अधिक ऊंची हैं और मृत्यु दरें कम हैं। इसे ध्यान में रखने से अनुपात समान प्रतीत होते हैं। यह धारणा प्रवास आंकड़ों के विश्लेषण से भी पुष्टी होती है। जन्म स्थान के अनुसार प्रवास आंकड़े यह दर्शाते हैं कि मेघालय में 1971–81 दशक के दौरान वृद्धि दर पर इसका प्रभाव नगण्य रहा है।

It is seen from the statement that the birth rate in Meghalaya is really very high and is in the range of 42—48. These estimates are distinctly higher than the estimates presented by the Sample Registration System which are in the range of 32. For Meghalaya state the adjusted birth rate is 43.62 and the adjusted total fertility rate 6.0.

Life expectancy at birth by Forward Projction Method

In this method the age-wise population of the 1971 Census have been projected 10 years ahead and compared with the 1981 un adjusted population by age. For the purpose of projecting the 1971 agewise data South Asian Model life tables recently brought out by the United Nations have been made use of. These life tables have been developed after carefully evaluation, selection and adjustment procedures to the based data. For the South Asian pattern, the mortality data collected in SRS for the years 1970-72 have also been made use of.

In applying this method, median has been searched from among the values bounded by two survival ratios namely population of 1971 surviving to 1981 and population aged 5 and above of 1971 surviving to 1981.

The life expectancy estimated by this method is 52.3 years for males and 49.6 for females for the state of Meghalaya. The corresponding crude death rate for the decade 1971—81 is estimated at 14.3 per thousand. This when added to the growth rate of 28.0 per thousand leads to an estimate of birth rate of 42.3 for the decade 1971—81. The estimate of 43.62 obtained by P/F ratio method for the year 1981 in the previous para appears to be slight over-estimate when compared with this decadal estimate of 42.3 but the quantum of over estimation may not be high.

The child mortality estimated from the data on children ever born and surviving shows that the mortality in this age group is relatively low in Meghalaya. The estimated child mortality levels when compared with the South Asian pattern model life tables indicate that the life expectancy must be in the range of 60 for Meghalaya as a whole which again seems on high side when compared with decadal estimate of 51 centerd at 1976. In the East and West Garo Hills, the child mortality levels indicate that the life expectancy is around 55 while it is around 66-67 in East and West Khasi Hills. In Jaintia Hills the life expectancy is around 60. Since there are reasons to believe that fertility has not declined sharply due to contraception in this state this would imply that the higher growth rate observed in the census is due to natural increase. Rough estimates of natural increase for the various districts compared with the census estimates are shown in the following table. Rough estimates of growth rate have been arrived by assuming stability. Corresponding to the birth rate and e_0° corresponding to CMR the growth rate has been worked out from South Asian pattern stable population model.

Statement 3·9 Districtwise growth rate using the adjusted birth rate and the e°_0 corresponding to the child mortality estimates

State/District	Growth rate*	Growth rate as per census†
1	2	3
Meghalaya	0·035	0·029
Jaintia Hills	0·039	0·032
East Khasi Hills	0·034	0·029
West Khasi Hills	0·040	0·037
East Garo Hills	0·037	0·028
West Garo Hills	0·031	0·020

*Exponential growth rate.

†Growth rate using the adjusted birth rate and the e°_0 corresponding to child mortality estimate.

It is noticed that despite relatively high growth rates observed during the decade these rates are closer to natural increase rates shown in col., 2. In fact the rates are lower in all cases. The estimates shown in col., 2 are slight over-estimates as the underlying birth rates are slightly on higher side and the death rates on lower side. When this is borne in mind the agreement seems closer. This observation is also corroborated by the analysis of migration data. The migration data by place of birth indicates that its impact on growth rate of Meghalaya has been negligible during 1971—81 decade.

अध्याय 4

बाल मृत्यु दर

1981 की जनगणना में लिंग के अनुसार कभी भी पैदा हुए बच्चों और जीवित बच्चों के बारे में आंकड़े एकत्रित किए गए थे । कभी भी पैदा हुए बच्चों और जीवित बच्चों के बारे में कभी भी विवाहित स्थिति में रही सभी महिलाओं से प्रश्न पूछे गए थे । कभी भी पैदा हुए बच्चों और जीवित बच्चों की संख्या का सारणीकरण माता की आयु के अनुसार किया गया । ये सारणियां ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के अनुसार जिला स्तर पर अलग अलग उपलब्ध हैं । इन दो प्रकार के आंकड़ों से 1981 के पूर्ववर्ती वर्षों की बाल मृत्यु दर का अनुमान ब्रास तकनीक द्वारा लगाया जा सकता है ।

ब्रास बाल मृत्यु दर पद्धति का सार यह है कि उपयुक्त गुणकों (Ki) का प्रयोग करके माता की आयु के अनुसार वर्गीकृत मृत बच्चों के अनुपात से बाल मृत्यु दर का अनुमान लगाया जा सकता है । प्रजननता पैटर्न के अनुसार ये गुणक अलग अलग होंगे । प्रजननता पैटर्न के सूचक के रूप में ब्रास ने P_1/P_2 अथवा P_2/P_3 अनुपात का सुझाव दिया जिसमें P_1,P_2 और P_3 15–19, 20–24 और 25–29 वर्षों के आयु समूहों में प्रति महिला से कभी भी पैदा हुए बच्चों की औसत संख्या दर्शाते हैं । मृतकों के अनुपात को बाल मृत्यु दर के अनुमानों में बदलने के लिए ब्रास द्वारा ब्रास प्रजननता बहुपद पद्धति का प्रयोग करके गुणक निकाले गए । यह प्रजननता बहुपद पद्धति एक गणितीय कार्य था और उसकी कुछ सीमाएं थी । इसे ध्यान में रखते हुए बाद में ट्रसल ने गुणकों में संशोधन किया । उसने कोल और ट्रसल द्वारा विकसित आदर्श प्रजननता सारणियों और कोल तथा डिमेनी द्वारा विकसित क्षेत्रीय आदर्श जीवन सारणियों का प्रयोग करके गुणकों का एक अलग सेट तैयार किया । हमने बाल मृत्यु दर का अनुमान लगाने के लिए ट्रसल के समीकरण का प्रयोग किया है ।

ट्रसल द्वारा यथा संशोधित ब्रास पद्धति से हमें $q(1)$ अर्थात् किसी नवजात बच्चे के 1 वर्ष की आयु से पहले मरने की सम्भाव्यता, $q(2)$ अर्थात् किसी नवजात बच्चे के 2 वर्ष की आयु से पहले मरने की सम्भाव्यता, $q(3)$ अर्थात् किसी नवजात बच्चे के 3 वर्ष की आयु से पहले मरने की सम्भाव्यता और $q(5)$ किसी नवजात बच्चे के 5 वर्ष की आयु से पहले मरने की सम्भाव्यता का अनुमान लगाने में सहायता मिलती है । मूल ब्रास आकलन पद्धति में यह माना जाता था कि जनगणना (सर्वेक्षण) से पहले की किसी अवधि में बाल मृत्यु दर स्थिर रहेगी । तथापि, बाद में इस धारणा में कुछ छूट दे दी गई । कोले और ट्रसल ने एक पद्धति विकसित की जो तभी संगत लगती है जब मृत्यु दर में गिरावट आती है । दूसरे शब्दों में जब मृत्यु दर में गिरावट आ रही हो तो इन अनुमानों का संबंध जनगणना वर्ष से न हो कर जनगणना से पहले ही अवधि की अलग अलग समय बिन्दुओं से होगा । इन्हें जनगणना से पूर्व का वर्ष कहा गया है और राज्य स्तर के अनुमानों के साथ ही प्रस्तुत किया गया है ।

बाल मृत्यु दर $q(1)$, $q(2)$, $q(3)$ और $q(5)$ के अनुमान सारणी 4.1 में दिए गए हैं । इन अनुमानों द्वारा प्रकट होने वाली प्रवृत्ति सामान्यत: संतोषजनक प्रतीत होती है लेकिन यह देखा गया है कि कुछ जिलों में $q(1)$, $q(2)$, $q(3)$ और $q(5)$ अनुमानों की प्रगति स्वीकार्य नहीं है । नगरीय क्षेत्रों में विशेषकर यही स्थिति है । उदाहरण के लिए पश्चिमी खासी हिल्स जिले के नगरीय क्षेत्रों में $q(1)$, $q(2)$, $q(3)$ और $q(5)$ अनुमानित बालिका मृत्युएं क्रमश: 111, 96,73, और 100 रही हैं । दूसरे शब्दों में जन्म से 1 वर्ष की आयु तक की अनुमानित मृत्यु दर जन्म से 2 वर्ष की आयु तक की मृत्यु दर की तुलना में अधिक रही है जो कि असम्भव है । तथापि, आयु के आंकड़े की अभ्यर्थता, पैदा हुए और मृत बच्चों की संख्या बताने में हुई गलतियों और दर्ज की गई घटनाओं की क्रम संख्या के कारण इस प्रकार के अनुमान प्राप्त हुए हैं ।

प्रत्येक जिले के नगरीय क्षेत्रों से बहुत कम घटनाएं सूचित की जाती है । यह उल्लेखनीय है कि मेघालय में पूर्वी खासी हिल्स जिले को छोड़कर सभी जिलों में नगरीय क्षेत्रों में रहने वाली जनसंख्या का अनुपात बहुत ही कम है । यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि 15–19 वर्ष के आयु-समूह में बहुत कम महिलाएं शादी करती हैं जिसके परिणामस्वरूप 15–19 वर्ष के आयु समूह में बहुत कम घटनाएं होती हैं । जैंतिया हिल्स, पश्चिमी खासी हिल्स और पूर्वी गारो हिल्स जिलों के नगरीय क्षेत्रों में 15–19 वर्ष के आयु समूह की माताओं से कभी भी पैदा हुए बाल/बालिकाओं की संख्या 50 से भी कम थी और मृत बच्चों की संख्या 5 से कम थी। सम्भवत: इसी के परिणामस्वरूप इस प्रकार की विकृति आई है ।

जिन मामलों में प्रगति स्वीकार्य नहीं रही है उनमें अनियमित्तओं को समाप्त करने के लिए हमने मूल्यों में सुधार कर दिया है ।

CHAPTER 4

CHILD MORTALITY

The 1981 Census collected data on children ever born and children surviving sexwise. The questions on children ever born and children surviving were canvassed for all ever married women. The number of children ever born and the children surviving have been tabulated by the age of the mother. These tables are available at district level separately for rural and urban areas. From these two sets of data child mortality for the years preceding 1981 can be estimated by using Brass technique.

The essence of the Brass child mortality procedure is that the proportion of children dead classified by the age of the mother could be converted into estimates of child mortality by selecting suitable multipliers (ki). These multipliers will differ according to the fertility pattern. As an indicator of fertility pattern Brass suggested the ratio P_1/P_2 or P_2/P_3 where P_1, P_2 and P_3 are the average number of children ever born per woman in the age groups 15—19, 20—24 and 25—29. The multipliers for converting the proportion dead into estimates of child mortality were derived by Brass, using Brass fertility polynomial. This fertility polynomial was mathematical function and had some limitations. In view of this, the multipliers were later modified by Trussel who generated a different set of multipliers using model fertility schedules developed by Coale and Trussel and the regional model life tables generated by Coale and Demeney. In estimating the child mortality we have used the Trussel equation.

The Brass procedure as modified by Trussel helps us to estimate q(1) i.e., the probability of a new born child dying before age 1, q(2) i.e., the probability of a new born child dying before age 2, q(3) the probability of a new born child dying before age 3, and q(5) the probability of a new born child dying before age 5. In the original Brass estimation procedure it was assumed that the child mortality would remain constant for a period preceding the census (survey). This assumption was, however, relaxed later on. Coale and Trussel developed a procedure which is valid when mortality declined. This procedure assigned the estimated q(x)'s to a time period t(x) yars prior to census. In other words, when mortality is declining these estimates would not refer to the year of the census but would refer to different points of time prior to the census. These have been termed as YPC, i.e., Year Prior to census and have been presented along with state level estimates.

Table 4.1 shows the estimates of the child mortality q(1), q(2), q(3) and q(5). While the trend indicated by these estimates seem generally satisfactory, it is noticed that in some of the districts the progression of the estimates q(1), q(2), q(3) and q(5) is not acceptable. This is particularly true in urban areas. For example, female child mortality q(1), q(2), q(3) and q(5), in urban areas of West Khasi Hills are estimated as 111, 96, 73, 100 respectively. In other words, the mortality from birth to age 1 is estimated to be higher than from birth to age 2, which is improbable. Such estimates, however, arise because of inaccurancies in age data, in reporting of number of children born and dead and small number of events reported.

Smaller number of events are mostly observed in urban areas of each district. It may be worth pointing out that in Meghalaya proportions of population living in urban areas is very small in all the districts except East Khasi Hills. This coupled with the fact that only a few females get married in age group 15-19, has resulted in very few events in age group 15-19. In the urban areas of Jaintia Hills, West Khasi Hills & East Garo Hills, the number of male/female children ever born to mothers in age group 15-19 was less than 50 and the number of children dead was less than 5. This probably has resulted in this type of distortions.

In such cases where the progression has not been acceptable we have graduated the values to remove irregularities.

यदि $q(2)$, $q(3)$ और $q(5)$ के मूल्यों को स्थिर पाया जाता है तो यह अंशांकन $q(2)$, $q(3)$ और $q(5)$ की तदनुरूपी जीवन सम्भावना के मूल्यों के औसत को लेकर किया गया है । $q(2)$, $q(3)$ और और $q(5)$ की तदनुरूपी जन्म के समय जीवन की संभावनाएं आदर्श जीवन सारणियों के दक्षिण एशियाई पैटर्न से लेकर उनका औसत निकाला गया है। इस e_0^0 के औसत मूल्य के तदनुरूपी $q(1)$ के मूल्य को अन्तर्वेशित किया गया । $q(1)$ के इस अन्तर्वेशित मूल्य को ही $q(1)$ का अंशांकन मूल्य माना गया है । जहां आवश्यक हो वहां $q(2)$ का अंशांकित मूल्य $q(3)$ और $q(5)$ के अनुमानों पर आधारित हैं ।

सारणी 4.1 में प्रस्तुत मेघालय के आंकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि इस राज्य में बाल मृत्यु दर बहुत कम है । इस सारणी में मेघालय के विभिन्न जिलों में बालक और बालिकाओं की मृत्यु दर के अनुमान भी दिए गए हैं । सारणी में जहां आवश्यक समझा गया है वहां पर कोष्ठकों में मृत्यु दर के अंशांकित मूल्य भी दिए गए हैं । आगे आने वाले पैराग्राफों की चर्चा ऐसे मामलों में अंशांकित मूल्यों पर ही आधारित है ।

$q(1)$ का संबंध शिशु मृत्यु दर से है और सम्पूर्ण राज्य की शिशु मृत्यु दर 79 है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 82 और नगरीय क्षेत्रों में यह दर 57 है । भारत के बड़े राज्यों की तुलना में यहां बाल मृत्यु दर अपेक्षतया कम है। बाल मृत्यु दर का जिलेवार विश्लेषण करने से पता चलता है कि पूर्वी खासी हिल्स और पश्चिमी खासी हिल्स जिले में मृत्यु दर बहुत कम है और पूर्वी गारो हिल्स तथा पश्चिमी गारो हिल्स जिलों में बहुत ज्यादा है । ध्यान देने योग्य एक अन्य बात यह है कि पुरुषों की तुलना में स्त्रियों की शिशु और बाल दोनों की मृत्यु दरें कम हैं । सामान्यतः पुरुषों की तुलना में स्त्री बाल मृत्यु दर सभी जिलों में कम हैं । इस अनुमान के ग्रामीण और नगरीय वितरण से पता चलता है कि सम्पूर्ण राज्य के ग्रामीण और नगरीय दोनों ही क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में स्त्री मृत्यु दर कम है । राज्य के नगरीय क्षेत्रों में स्त्री बाल मृत्यु दर को ध्यान से देखने पर पता चलता है कि $q(1)$, $q(2)$, $q(3)$ और $q(5)$ के मूल्य 60, 61, 69 और 73 है जो समान नहीं है। विशेषकर $q(1)$ और $q(2)$ के मूल्य अपूर्ण प्रतीत होते हैं क्योंकि आंकड़ों को अंशांकित करने पर $q(1)$ 53 हो जाता है। यह पुरुष शिशु मृत्यु दर 55 से कम है । ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में स्त्री बाल मृत्यु दर सामान्यतः सभी जिलों में कम है । जैंतीया हिल्स, पूर्वी खासी हिल्स और पश्चिमी गारो हिल्स जिलों के नगरीय क्षेत्रों में भी यही प्रवृत्ति देखी गई है । पश्चिमी खासी हिल्स जिले के नगरीय क्षेत्रों में पुरुष-स्त्री बाल मृत्यु दर में अंतर बहुत ही मामूली है । तथापि, पूर्वी गारो हिल्स जिले के नगरीय क्षेत्रों में कोई अलग पैटर्न नहीं पाया गया । स्त्रियों के $q(1)$, $q(2)$ और $q(3)$ पुरुषों की तुलना में कम हैं जबकि $q(5)$ अधिक है ।

सारणी 4.2 में धर्म के अनुसार अनुमानित बाल मृत्यु दरें दर्शायी गई हैं । इससे पता चलता है कि मेघालय में हिन्दुओं में बाल मृत्यु दर सबसे कम है और ईसाइयों में सबसे अधिक है । यह दर केवल हिन्दुओं, मुसलमानों और ईसाइयों के लिए निकाली गई है। अन्य धर्मों के अनुयायियों की संख्या कम होने के कारण उनके लिए यह दर नहीं निकाली गई है । यह देखा गया है कि पुरुषों की तुलना में स्त्रियों की बाल मृत्यु दर कम है । लेकिन आयु के बढ़ने के साथ साथ यह स्थिति कम होती जाती है ।

जनगणना से पूर्व के वर्ष की संगणना करने से पता चलता है कि $q(1)$ जनगणना से एक वर्ष पूर्व पर लागू होता है, $q(2)$ जनगणना से 2.0 से 2.7 वर्ष पूर्व पर, $q(3)$ जनगणना से 3.7 से 4.8 वर्ष पूर्व पर और $q(5)$ जनगणना से 5.9 से 7.0 वर्ष पूर्व पर लागू होता है ।

सारणी 4.3 से माता के शैक्षिक स्तर के बाल मृत्यु दर पर प्रभाव का स्पष्टः पता चलता है । बाल मृत्यु दर उन बच्चों में सबसे कम है जिनकी माताएं मैट्रिक लेकिन स्नातक से कम हैं और उन बच्चों में सबसे अधिक है जिनकी माताएं अशिक्षित हैं । ग्रामीण नगरीय अंतर भी अशिक्षितों में सबसे अधिक है और यह अंतर माता का शैक्षिक स्तर बढ़ने के साथ साथ कम होता जाता है । मैट्रिक और उससे अधिक शैक्षिक स्तर वाली महिलाओं की बाल मृत्यु दर के अनुमान ग्रामीण और नगरीय दोनों ही क्षेत्रों में बहुत अनिश्चित पाए गए हैं । इसका कारण यह हो सकता है जिन घटनाओं पर ये अनुमान आधारित हैं उनकी संख्या बहुत ही कम है । प्रयोक्ता को इन अनुमानों का उपयोग बड़ी सावधानी के साथ करना चाहिए । इसके बावजूद यह स्पष्ट है कि माता का शैक्षिक स्तर बढ़ने के साथ साथ बाल मृत्यु दर में गिरावट आती है ।

The graduation has been done by taking the average of values of life expectancy corresponding to q(2), q(3) and q(5), if the values of q(2), q(3) and q(5) were found to be all consistent. The expectations of life at birth corresponding to q(2), q(3) and q(5) were worked out from the South Asian pattern of Model Life Tables and their average taken. Corresponding to this average value of e°_{o} the value of q(1) was interpolated. This interpolated value of q(1) has been taken as the graduated value of q(1). The graduated value of q(2) wherever necessary, has been based on q(3) and q(5) estimates.

The analysis of the data relating to Meghalaya presented in Table 4.1 indicates that the child mortality in this state is very low. The table also shows the estimate of child mortality for males and females in different districts of Meghalaya. The table also shows the graduated values of mortality within brackets wherever it has been considered necessary. The discussion in following paragraphs is based on graduated figures in such cases. q(1) which corresponds to infant mortality is 79 for the state as a whole, 82 in the rural areas and 57 in urban areas. The child mortality is relatively low compared to major states of India. The district-wise analysis of child mortality indicates that the mortality is very low in the districts of East Khasi Hills and West Khasi Hills and high in the disricts of East Garo Hills and West Garo Hills. Another feature worth noting is that both the infant and child mortality are lower for females compared to males. In general, this trend of lower female child mortality compared to males is observed in all the districts. The rural-urban break-up of this estimate shows that in the state as a whole the female mortality is lower than the males in both the rural and urban areas. A careful look of the child mortality for females in the urban areas of the state indicates that the progression of q(1), q(2), q(3) and q(5) is not uniform being 60, 61, 69 and 73. In particular q(1) and q(2) values seem inconsistent. When this data is graduated the q(1) becomes 53. This becomes lower than the male infant mortality of 55. In rural areas, child mortality is in general lower for females compared to males in all the districts. In urban areas similar pattern in noticed in Jaintia Hills, East Khasi Hills and West Garo Hills. In the urban areas of West Khasi Hills district the male female differential in mortality is negligible. In the urban areas of East Garo Hills district, however, no distinct pattern could be discerned. While q(1), q(2) and q(3) for females are much lower than males, q(5) is higher.

Table 4.2, showing the estimated child mortality rates by religion, brings out that in Meghalaya the child mortality is lowest for Hindus and highest for Christians. The rate has been calculated only for Hindus, Muslims and Christians. In view of the small numbers involved it has not been calculated for followers of other religions. It is seen that the child mortality rates are lower for females compared to males. But the advantage enjoyed by females narrows down as age increase.

The YPC calculations show that q(1) applies to one year prior to census, q(2) to 2.0 to 2.7 years prior to census, q(3) to 3.7 to 4.8 years prior to census and q(5) to 5.9 years to 7.0 years prior to census.

Table 4.3 Clearly brings out the impact of mother's educational level on child mortality. The CMR is lowest among children whose mothers are matriculate but below graduate and highest among children whose mothers are illiterate. The rural urban differentials are also highest among illiterate and progressively reduce as educational level of mother increase. The estimates of CMR for women with educational level matriculates and above are found to be very erratic both in rural and urban areas. This may be attributed to very small number of events on which these estimates are based. The user should use these estimates with great caution. Despite this it is clear that child mortality shows a distinct decline with rise in educational level of mother.

अध्याय 5
साक्षरता

जनगणना में किसी भी भाषा को समझ के साथ पढ़ने और लिखने की योग्यता को साक्षरता के रूप में परिभाषित किया गया है। ऐसा व्यक्ति जो केवल पढ़ सकता है परन्तु लिख नहीं सकता उसे निरक्षर में वर्गीकृत किया गया है। यह आवश्यक नहीं है कि कोई व्यक्ति जो साक्षर है, उसने कोई औपचारिक शिक्षा प्राप्त की हो या कोई न्यूनतम शैक्षिक स्तर उत्तीर्ण किया हो। आमतौर पर 4 साल या उससे कम की आयु के बच्चों को निरक्षर में वर्गीकृत किया गया है।

जनगणना में व्यक्ति का शैक्षिक स्तर भी पूछा गया है। शैक्षिक स्तर का तात्पर्य व्यक्ति द्वारा प्राप्त सर्वोच्च शैक्षिक स्तर से है। उस व्यक्ति को जो किसी विशेष स्तर में पढ़ रहा है परन्तु उसने उसे पूरा नहीं किया है, को उसके द्वारा प्राप्त न्यूनतम शैक्षिक स्तर के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति की समान अथवा भिन्न स्तर की सामान्य तथा तकनीकी दोनों योग्यताएं हैं तो उस स्थिति में दोनों योग्यताओं को दर्ज किया गया है।

सभी व्यक्तियों से यह प्रश्न पूछा गया कि क्या वे कभी किसी विद्यालय या कालेज में जाते थे। कोई साक्षर है या निरक्षर, इसका विचार किये बिना इस प्रश्न को पूछा गया था। इसके लिए इस आधार पर कोई भेद नहीं किया गया कि क्या वह विद्यालय या कालेज मान्यता प्राप्त संस्था थी अथवा उसे मान्यता प्राप्त नहीं थी।

1981 की जनगणना के अनुसार 13.36 लाख की कुल जनसंख्या में से 4.55 लाख साक्षर थे। समग्र साक्षरता दरें व्यक्तियों के लिए 34.08%, पुरुषों के लिए 37.89 और महिलाओं के लिए 30.08 थी। 1971 की तत्संबंधी दरें क्रमशः 29.49%, 34.12% और 24.56% थी। 1971 से 1981 के दशक के दौरान जनसंख्या में 32.0% की वृद्धि की तुलना में साक्षरों की संख्या में 52.6% वृद्धि हुई है।

विवरण 5.1 में मेघालय में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में 1971 और 1981 के संबंध में आयुसमूहवार साक्षरता दरें दर्शायी गई हैं।

विवरण 5.1 1971 व 1981 में आयु, स्त्री/पुरुष और स्तर के अनुसार साक्षरता दरें (प्रतिशत) — मेघालय

आयु समूह	योग/ ग्रामीण/ नगरीय	व्यक्ति		पुरुष		स्त्रियां	
		1971	1981	1971	1981	1971	1981
1	2	3	4	5	6	7	8
सभी आयु समूह	योग	29.49	34.08	34.12	37.89	24.56	30.08
	ग्रामीण	23.40	27.45	27.68	30.83	18.94	23.96
	नगरीय	65.22	64.62	69.93	68.90	59.69	58.82
5–9	योग	18.19	23.25	17.53	23.12	18.85	23.39
	ग्रामीण	12.13	16.40	12.37	16.07	11.89	16.74
	नगरीय	60.49	61.63	52.79	61.04	68.43	59.21
10–14	योग	44.19	48.79	44.98	47.66	43.39	49.96
	ग्रामीण	36.69	41.76	37.55	40.42	35.81	43.17
	नगरीय	86.06	83.71	89.09	85.31	83.31	82.18
15–19	योग	50.89	53.10	54.35	54.17	47.38	52.00
	ग्रामीण	43.06	45.42	46.27	46.08	39.89	44.74
	नगरीय	85.82	83.13	88.07	85.68	83.27	80.50
20–24	योग	48.66	50.54	55.85	55.85	41.91	45.82
	ग्रामीण	40.43	41.56	46.95	46.09	34.65	37.71
	नगरीय	81.59	79.95	86.70	84.54	75.55	75.15

CHAPTER 5

LITERACY

In the census literacy is defined as ability to read and write with understanding in any language. A person who can only read but cannot write is classified as illiterate. It is not necessary that a person who is literate should have received any formal education or should have passed any minimum educational standard. Generally, children of age 4 years or below are classified as illiterates.

The educational level of a person was also canvassed in the census. The educational level refers to the highest educational level attained by a person. A person who is studying in a particular level but has not yet completed it, is classified with reference to the minimum lower educational level attained. In the case of person who holds both general and technical qualifications either of equivalent or at varying levels both these qualifications have been recorded.

To all the persons a question was asked whether one was attending any school or college. This question was canvassed irrespective of whether one was literate or illiterate. No distinction was made on the basis of whether a school or college being attended by the person was recognised or unrecognised institution.

According to the 1981 census, of the total population of 13.36 lakhs, 4.55 lakhs were literate. The overall literacy rates were 34.08% for persons, 37.89 for males and 30.08% for females. The corresponding rates in 1971 were 29.49%, 34.12% and 24.56% among females. The number of literates has increased by 52.6% during the decade 1971—81 as against an increase of 32.0% in the population.

Statement 5.1 below presents the literacy rate for 1971 and 1981 age-group wise in the rural and urban areas of Meghalaya.

Statement 5.1 Literacy rate (per cent) by age, sex and strata in 1971-1981—Meghalaya

Age Group	Total/ Rural/ Urban	Persons		Males		Females	
		1971	1981	1971	1981	1971	1981
1	2	3	4	5	6	7	8
All ages	Total	29.49	34.08	34.12	37.89	24.56	30.08
	Rural	23.40	27.45	27.68	30.83	18.94	23.96
	Urban	65.22	64.62	69.93	68.90	59.69	58.82
5—9	Total	18.19	23.25	17.53	23.12	18.85	23.39
	Rural	12.13	16.40	12.37	16.07	11.89	16.74
	Urban	60.49	61.63	52.79	61.04	68.43	59.21
10—14	Total	44.19	48.79	44.98	47.66	43.39	49.96
	Rural	36.69	41.76	37.55	40.42	35.81	43.17
	Urban	86.06	83.71	89.09	85.31	83.31	82.18
15—19	Total	50.89	53.10	54.35	54.17	47.38	52.00
	Rural	43.06	45.42	46.27	46.08	39.89	44.74
	Urban	85.82	83.13	88.07	85.68	83.27	80.50
20—24	Total	48.66	50.54	55.85	55.85	41.91	45.82
	Rural	40.43	41.56	46.95	46.09	34.65	37.71
	Urban	81.59	79.95	86.70	84.54	75.55	75.15

—Contd

विवरण 5.1 1971 व 1981 में आयु, स्त्री/पुरुष और स्तर के अनुसार साक्षरता दरें (प्रतिशत) — समाप्त

सभी आयु समूह	योग/ ग्रामीण/ नगरीय	व्यक्ति		पुरुष		स्त्रियां	
		1971	1981	1971	1981	1971	1981
1	2	3	4	5	6	7	8
25–34 . . .	योग	39.15	44.96	50.30	53.27	28.04	36.69
	ग्रामीण	32.17	36.65	42.88	44.62	22.14	29.15
	नगरीय	76.52	76.98	83.22	82.76	67.17	69.95
35+ . . .	योग	28.19	32.31	36.83	41.49	17.10	21.06
	ग्रामीण	22.31	25.70	30.17	34.44	12.41	15.16
	नगरीय	65.51	63.47	76.54	73.51	49.44	50.25

नगरीय क्षेत्रों में साक्षरता दर 64.62% थी जो कि 1971 की तुलना में कुछ कम थी । 1971 में नगरीय क्षेत्रों में साक्षरों की तत्संबंधी प्रतिशतता 65.22% थी । नगरीय क्षेत्रों में 68.9% पुरुष और 58.82% महिलाएं साक्षर थीं । नगरीय क्षेत्रों में पुरुषों एवं महिलाओं दोनों की साक्षरता की प्रतिशतता में कमी हुई है । असम की राजधानी का गौहाटी में बदलना और सरकारी कार्मिकों और उनके परिवारों जो कि साक्षर होंगे का वहां से प्रस्थान अंशतः इसके लिए उत्तरदायी होंगे । नये कस्बों के बनने से भी ऐसा हुआ होगा । 1971–81 के दशक के दौरान नगरीय क्षेत्रों में हुई कमी की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता की प्रतिशतता में काफी बढ़ोत्तरी हुई । ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता दर 1971 में 23.4% से बढ़कर 1981 में 27.45% हो गई । ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की साक्षरता दर में अधिक तीव्रता से वृद्धि हुई।

आयुवार साक्षरता आंकड़े एक दृष्टि में यह दर्शाते है कि 5–9, 10–14 के आयु समूहों में महिला साक्षरता पुरुषों से कुछ अधिक है । यह शायद शिक्षा के मामले में स्त्री/पुरुष की समानता को दर्शाने वाला तथ्य है । 15–19 और उससे अधिक के आयु समूह में पुरुषों की साक्षरता दर महिलाओं की तुलना में अधिक है । तथापि, 1971–81 के दशक के दौरान छोटी आयु के समूहों में साक्षरता की दर में साधारण वृद्धि हुई है ।

यह देखा गया है कि सभी आयु समूहों में साक्षरता दर बढ गई है परन्तु यह सारी बढ़ोतरी ग्रामीण क्षेत्रों के कारण है । नगरीय क्षेत्रों में 5–9 और 25–29 के आयु समूहों को छोड़कर बाकी अन्य सभी आयु समहों में दर कम हुई है । यह कमी पुरुषों और स्त्रियों दोनों के मामले में हुई । ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता की दर में बढ़ोतरी पुरुषों और स्त्रियों दोनों के मामले में हुई है।

5–9 के आयु समूहों में साक्षरता दर शायद पूर्ण रूप से विश्वसनीय नहीं होगी और उनमें विभिन्नता होगी क्योंकि इस आयु समूह के बच्चे, विशेषकर छोटे आयु-समूह के बच्चे स्कूल नहीं जाते होंगे या यदि स्कूल जाते भी होंगे तो उनके माता पिता, जो जनगणना में आमतौर पर उत्तर देने वाले होते हैं, ने उनको साक्षर दर्ज नहीं कराया होगा । तथापि, यह देखा गया है कि इस आयु समूह में साक्षरता दर बढ़ी है ।

छोटे आयु समूहों में साक्षरता की बढ़ोतरी विश्वसनीय ढंग से 10–14 वर्ष के आयु समूह में साक्षरता द्वारा प्रकट होती है जैसा कि विवरण से देखा जा सकता है । इस आयु समूह में 1971 में 44.19% साक्षरों की तुलना में, 1981 में 48.79% साक्षर हैं । यद्यपि इस दशक के दौरान इस आयु समूह में साक्षरता दर बढ़ी है तथापि यह नगरीय क्षेत्रों में कम हुई है और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ोतरी, स्त्रियों के मामले में बहुत अधिक है ।

भारतीय जनगणना में आयु के आंकड़े इक्ट्ठा करने में आने वाली कठिनाइयां जानी पहचानी है । विशेषकर आयु के लिए किन्हीं विशेष अंकों को प्राथमिकता दिए जाने से 0 और 5 के अंकों में समाप्त होने वाले आयु समूह में जनसंख्या काफी अधिक रहती है और 1 और 9 के अंकों में समाप्त होने वाले आयु समूहों में काफी कम ।

Statement 5·1 Literacy rate (per cent) by age, sex and strata in 1971-1981—Meghalaya—Concld.

Age Group	Total/ Rural/ Urban	Persons		Males		Females	
		1971	1981	1971	1981	1971	1981
1	2	3	4	5	6	7	8
25—34	Total	39.15	44.96	50.30	53.27	28.04	36.69
	Rural	32.17	36.65	42.88	44.62	22.14	29.15
	Urban	76.52	76.98	83.22	82.76	67.17	69.95
35+	Total	28.19	32.31	36.83	41.49	17.10	21.06
